
# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 107- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 19 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

## जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान




32.2 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

37 डिसे

आंधी- पानी के आसार

## आज राजस्थान और पंजाब के लिए करो या मरो वाला मुकाबला



नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स की टीम शुक्रवार यानी आज अपना आखिरी लीग मुकाबला खेलने मैदान पर उतरेगी। शाम 7.30 बजे दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला धर्मशाला के स्टेडियम में खेला जाएगा। धर्मशाला स्टेडियम में इससे पहले खेले गए मुकाबले में पंजाब को दिल्ली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब इसी मैदान पर राजस्थान और पंजाब की टीम आमने-सामने होगी। इस मैच में दोनों टीमें कुछ बदलाव के साथ मैदान पर उतर सकती है।

# सरकारी नौकरी के लिए टीचर पिता-मां और दादी की हत्या की

## सैनिटाइजर और लकड़ी से घर में जलाता रहा डेडबॉडी

■ महासमुंद, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में बेटे ने पैसों और अनुकेने वाली घटना सामने आई है. यहां एक व्यक्ति ने पैसों और अनुकंपा नियुक्ति पर नौकरी के लालच में अपने माता-पिता और दादी की हत्या कर दी. इसके बाद घर में ही लाशों को लकड़ी और सैनिटाइजर से दो दिन तक जलाता रहा. इसके बाद पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी. पुलिस जब मामले की जांच करने उसके घर पहुंची तो घर में खून के छींटे मिले. पुलिस को घर में जले हुए मानव अवशेष भी पुलिस को मिले. इसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर मृतक शिक्षक के बड़े बेटे उदित से सख्ती से पूछताछ की. पूछताछ के दौरान उसने माता-पिता और दादी की हत्या की बात कबूल कर ली. पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत मामला दर्ज कर उसे अरेस्ट कर लिया। जानकारी के अनुसार, यह मामला महासमुंद जिले के सिघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटका का है. यहां शिक्षक प्रभात भोई अपनी पत्नी सुलोचना भोई और मां 75 वर्षीय झरना भोई के साथ रहते थे. प्रभात का बेटा उदित भी उनके साथ रहता था. शिक्षक का एक बेटा रायपुर में एमबीबीएस कर रहा है. बताया जा रहा है कि प्रभात का बड़ा बेटा उदित भोई नशे का आदी है. वह अक्सर पैसों के लिए अपने माता-पिता से झगड़ता रहता था।



पुलिस के अनुसार, बीते 7 मई को शिक्षक प्रभात भोई और उनके बेटे उदित के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था. उसी दिन उदित ने अपने पिता की हत्या की साजिश रच डाली. जब घर में सभी सो गए तो रात करीब 2 से 3 बजे के बीच हॉकी स्टिक से उदित ने पहले पिता के सिर पर अटैक किया, इसके बाद मां सुलोचना को मार दिया. वहीं इसी आवाज होने पर उदित की दादी उठीं तो उनके सिर पर स्टिक मारकर उनकी भी हत्या कर दी.माता-पिता और दादी की हत्या के बाद उदित ने लाश को घर में बाथरूम में रख दिया. इसके एक दिन बाद उसने घर के पीछे तीनों के शव लकड़ी और सैनिटाइजर डालकर दो दिन तक जलाया. हत्या के आरोपी उदित भोई ने बेहद शातिर अंदाज में 12 मई को सिंघोड़ा थाने में अपने पिता, मां और दादी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करा दी।

### शिक्षक का छोटा बेटा घर पहुंचा तो घर में पड़ा था ताला


इसके बाद जब शिक्षक प्रभात भोई के छोटे बड़े अमित को माता-पिता और दादी की गुमशुदगी के बारे में पता चला तो वह अपने गांव पुटका आ गया. अमित रायपुर में एमबीबीएस कर रहा है. अमित जब घर पहुंचा तो घर में ताला लगा था. उसका भाई उदित कहीं चला गया था.इसके बाद अमित पीछे की बाउंड्री से कूदकर अपने घर में दाखिल हुआ तो देखा कि घर में खून के छींटे पड़े है और परिसर में कोई चीज जलाने के निशान होने के साथ ही मानव हड्डियां भी पड़ी थीं. अमित को कुछ अंदेशा हुआ तो उसने सिंघोड़ा थाने जाकर घटना की जानकारी पुलिस को दी. इस बीच आरोपी उदित भोई अपने पिता प्रभात भोई के मोबाइल नंबर से अपने भाई अमित और अन्य रिश्तेदारों को सभी के सही सलामत होने का मैसेज भेज रहा था, ताकि सभी को लगे कि प्रभात सही सलामत हैं। शिक्षक प्रभात के छोटे बेटे अमित की शिकायत के बाद जब पुलिस ने शिक्षक के मोबाइल की लोकेशन के बारे में पता किया तो लोकेशन घटनास्थल के आसपास की मिली. इसके बाद पुलिस प्रभात भोई के घर जांच के लिए पहुंची तो देखा कि खून के छींटे और शव जलाए जाने के निशान थे. राख में मानव अवशेष भी थे. मृतक का घर बस्ती से कुछ दूरी पर है. इस वजह से बस्ती के लोगों को घटना के बारे में जानकारी नहीं हो सकी, लेकिन बस्ती के लोगों ने शिक्षक के घर से धुआं उठने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने जब शिक्षक के बड़े बेटे उदित भोई को पकड़कर उससे पूछताछ की तो पहले उसने पुलिस को गुमराह किया, लेकिन जब पुलिस सख्त हुई तो उसने माता-पिता और दादी की हत्या की बात कबूल कर ली. पुलिस ने आरोपी बेटे उदित के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत केस दर्ज कर उसे अरेस्ट कर लिया।



## आज शनि जयंती

## » न्यूज गैलरी

### प्रशांत महासागर में 7.7 तीव्रता का भूकंप ,सुनामी की चेतावनी



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रशांत महासागर में में आए भूकंप ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.7 है। इस बीच भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह अलर्ट अमेरिका में न्यू कैलेडोनिया, फिजी और वानुअतु के क्षेत्रों के लिए जारी की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक ये भूकंप जमीन के 10 किमी की गहराई में आया था।

### गौतम अडानी को 1,20, 82, 74, 83, 000 रुपये का झटका, अमीरों की लिस्ट में नीचे खिसके

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में भारी गिरावट देखने को मिली। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अडानी की नेटवर्थ में 1.46 अरब डॉलर यानी 1,20, 82, 74,83,000 रुपये की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 52.4 अरब डॉलर रह गई है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान फिसलकर 24वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पिछले साल अडानी इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गए थे। उनकी नेटवर्थ 150 अरब डॉलर पहुंच गई थी। लेकिन हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट आई है। इस साल अडानी की नेटवर्थ में 68.1 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

### पीएम मोदी का छह दिन में तीन देशों का ऐतिहासिक दौरा आज से

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को तीन देशों के छह दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। इस दौरान वह तीन शिखर सम्मेलनों में शामिल होंगे और 40 से ज्यादा कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पीएम तीन देशों में चार दिन बिताएंगे, इस दौरान दुनियाभर के 24 से ज्यादा देशों के नेताओं से मिलेंगे। दौरे के पहले चरण में 19 से 21 मई के दौरान जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने जापान जाएंगे।दूसरे चरण में पीएम 21 मई को पोर्ट मोरेस्बी, पापुआ न्यू गिनी पहुंचेंगे, जहां पापुआ न्यू गिनी के पीएम जेम्स मारपे के साथ संयुक्त रूप से भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग फोरम (एफआईपीआईसी) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। तीसरे और आखिरी चरण में वह ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीस के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए 22-24 मई को सिडनी में होंगे। यात्रा आखिरी पड़ाव पर मोदी ऑस्ट्रेलयाई समकक्ष के साथ सिडनी में हजारों प्रवासी भारतीयों को संबोधित करेंगे।

विशुद्ध हेल्थ केयर
माइक्रोबायोलॉजी एवं पैथोलॉजी लैब
Dr.Ankit Seth
MD,DEM,FICM.PGC Diabetology
(Boston USA) Consultant
Physician - Diabetologist
Phon-0761-4035454
Mo.9753000122
2365, राईट टाउन, मदन महल स्टेशन रोड, पी.एण्ड टी. गेट नं. 4 चौराहा, जबलपुर (म.प्र.)

## मानवता पर नए संकट का खतरा

# स्टडी में बड़ा दावा- सूख रही हैं दुनिया की आधी से ज्यादा बड़ी झीलें

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

एक स्टडी में कहा गया है कि दुनिया की आधे से अधिक सबसे बड़ी झीलों और जलाशयों में पानी लगातार घट रहा है और वे सूखने की कगार पर हैं. इसके कारण धरती के कई हिस्सों में इंसानों की भविष्य की जल सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है. झीलों और बड़े जलाशयों के सूखने का सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और बढ़ती पानी की खपत को माना जा रहा है. न्यूज एजेंसी की एक खबर के मुताबिक यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर में प्रोफेसर और साइंस में छपे पेपर के सह-लेखक बालाजी राजगोपालन ने न्यूज एजेंसी को बताया कि 'दुनिया भर में झीलें संकट में हैं, और इसके दूरगामी नतीजे हो सकते हैं.' बालाजी राजगोपालन ने कहा कि 'इसने वास्तव में हमारा ध्यान इसलिए आकर्षित किया क्योंकि दुनिया की लगभग 25 फीसदी आबादी झीलों के बेसिन में रह रही है, जो लगातार सूखने की ओर बढ़ रही हैं. जिसका



मतलब है कि लगभग दो अरब लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं.' राजगोपालन ने कहा कि दुनिया भर में साइंटिस्टों का ध्यान नदियों की बिगड़ती हालत पर जरूर है. मगर इंसानों की जल सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण होने के बावजूद झीलों की अच्छी तरह से निगरानी नहीं की जाती है. बहरहाल कैस्पियन सागर और अरल सागर जैसी बड़ी झीलों में बड़ी पर्यावरणीय आपदाओं ने शोधकर्ताओं को इस बड़े संकट का संकेत दिया।

### 53 फीसदी झीलों और जलाशयों में पानी घटा

व्यवस्थित रूप से इस संकट का अध्ययन करने के लिए एक टीम में अमेरिका, फ्रांस और सऊदी अरब के वैज्ञानिक शामिल थे. इन लोगों ने 1992 से 2020 तक की सेटेलाइट तस्वीरों का उपयोग करते हुए पृथ्वी की सबसे बड़ी 1,972 झीलों और जलाशयों को देखा. उन्होंने बड़े पैमाने पर उपग्रहों की बेहतर सटीकता के साथ-साथ इंसानों और वाइल्डलाइफ के लिए महत्व होने के कारण बड़े मीठे पानी की झीलों पर अपना ध्यान केंद्रित किया. यह देखने की कोशिश की गई झीलों में पानी की मात्रा में लगभग 30 साल में कैसे और कितना अंतर आया है. नतीजों में पाया गया कि 53 फीसदी झीलों और जलाशयों में पानी की मात्रा में लगभग 22 गीगाटन सालाना की दर से गिरावट देखी गई.

### ज्यादा बारिश और सूखे- दोनों इलाकों में पानी घटा

इस पूरी स्टडी दौरान 603 क्यूबिक किलोमीटर पानी ( 145 क्यूबिक मील) खत्म हो गया, जो अमेरिका के सबसे बड़े जलाशय लेक मीड में पानी का 17 गुना है. ये पाया गया कि प्राकृतिक झीलों में पानी की कमी के लिए ग्लोबल वार्मिंग के साथ-साथ इंसानों की बढ़ती जल की खपत जिम्मेदार थी. जलवायु परिवर्तन से बढ़ा हुआ तापमान वाष्पीकरण को बढ़ाता है, लेकिन साथ ही कुछ जगहों पर बारिश को भी कम कर सकता है. इस स्टडी का एक आश्चर्यजनक पहलू यह था कि दुनिया के ज्यादा बारिश और सूखे दोनों इलाकों में झीलों में पानी की मात्रा घट रही है।

# सिद्धारमैया के शपथ में केजरीवाल और केसीआर को न्योता नहीं

■ बेंगलुरू, एजेंसी।

सिद्धारमैया 20 मई को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. दक्षिण का द्वार कहे जाने वाले कर्नाटक में कांग्रेस ने 135 सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल की है. 2023 में 5 राज्यों में विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव से पहले इस जीत को कांग्रेस के लिए संजीवनी के तौर पर देखा जा रहा है. ऐसे में कांग्रेस ने इस शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारियां भी शुरू कर दी हैं. देशभर की तमाम पार्टियों के नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है. कांग्रेस केंद्र में रहकर इस समारोह का विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर प्रदर्शन करना चाहती है. कांग्रेस की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के सीएम केसीआर को इसका न्योता नहीं भेजा गया. माना जा रहा है कि कांग्रेस ने सियासी समीकरणों को देखते हुए इन दलों से दूरी बनाए रखने का फैसला किया है। कर्नाटक में कांग्रेस की इस जीत ने न सिर्फ बीजेपी को सत्ता से बेदखल किया है, बल्कि देशभर में अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जोश भरने का काम भी किया है. माना जा रहा है कि यह जीत 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेताओं में ऊर्जा भरने का भी काम करेगी. कांग्रेस सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण को भव्य



बनाकर विपक्षी एकता का भी संकेत देना चाहती है. । फिलहाल पार्टी सूत्रों की मानें तो राज्य कैबिनेट में सिद्धारमैया और शिवकुमार, दोनों खेमों के 14 मंत्रियों के साथ कुल 28 मंत्री होंगे। कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री जी. परमेश्वर, एम.पी. पाटिल का शामिल होना तय हैं। इसके अलावा संभावित मंत्रियों में कृष्णा बायरे गौड़ा, सतीश जरकीहोली, लक्ष्मण सावदी, लक्ष्मी हेब्बलकर, सलीम अहमद, यू.टी. खादर, संतोष लाड, दिनेश गुंडु राव, जमीर अहमद, एच.के. पाटिल, रामलिंगा रेड्डी, के.जे. जॉर्ज, ईश्वर खंड्रे, तनवीर सेठ, डॉ. एच.सी. महादेवप्पा और बी.के. हरिप्रसाद शामिल हैं। झसूत्रों की माने तो अनुभव के आधार पर विधायक कैबिनेट में शामिल होने की कवायद करने की कोशिश कर रहे हैं।


## राऊ में बिलाल का आतंक, राहगिरों के सिर फोड़े, हिंदू संगठन के लोगों पर पथराव

■ इंदौर, एजेंसी।

राऊ में गुरुवार रात साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई। उपद्रवी बिलाल ने राह चलते लोगों के सिर फोड़ दिए। महिलाओं को आगे कर दिया। महिलाओं ने भी खूब पत्थर चलाए। छुरे और सब्बल लेकर सड़क पर आ गई। करीब तीन घंटे हंगामा चलता रहा। स्थिति संभालने के लिए आजाद नगर, तेजाजी नगर, राजेंद्र नगर थाना का बल लगाना पड़ा।आरोपित बिलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राम रहीम कालोनी में बने कम्यूनिटी हाल में वह जन्मदिन मना रहा था। बताते है उसके द्वारा लगाए टैंट से निकलने पर बिलाल ने आम्रपाली कालोनी में रहने वाले अमितेश चौधरी पर हमला कर



दिया। इसके बाद दूध बांटने वाले पर हमला किया। जैसे ही मारपीट की सूचना मिली बड़ा बाजार से बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंच गए।बिलाल के पक्ष में महिलाएं हथियार लेकर आ गई। उनके पास सब्बल और छुरे भी थे। पुलिस की मौजूदगी में ही पथराव किया। विवाद बढ़ने पर तेजाजी नगर, राजेंद्र नगर और आजाद नगर थाना प्रभारी बल लेकर पहुंचे। पुलिस ने बिलाल को गिरफ्तार कर लिया। पथराव में राजकुमार पांचाल भी घायल हुआ है।



यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

## शिक्षिका ने ट्रेनिंग के दौरान लगाए ठुमके, शिक्षक के साथ जमकर थिरकी, दो प्रभारी प्राचार्य निलंबित

■ शिवपुरी, एजेंसी।

शिवपुरी जिले में एक करैरा ब्लॉक में शिक्षकों की ट्रेनिंग के दौरान अभद्र डांस के मामले में दो प्रभारी प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया है। ग्वालियर के संभागायुक्त दीपक सिंह ने उनका निलंबन आदेश जारी किया। डांस का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो 16 मई का बताया गया था। वीडियो में अभद्रता को देखते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों प्रभारियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अभद्र नृत्य का जिम्मेदार माना गया है। मामले में संजीव अग्रवाल, प्रभारी प्राचार्य और संगीता मांझी



प्रभारी प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं। ये शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करैरा पदस्थ हैं। वीडियो इसी विद्यालय में शिक्षकों की ट्रेनिंग के दौरान का है। यहां शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को सतत व व्यापक अधिगम मूल्यांकन प्रशिक्षण (सीसीएलई ट्रेनिंग) दिया जा रहा था।

### कुछ अभद्र हुआ तो कार्रवाई करेंगे : डीईओ

वायरल वीडियो में शिक्षिक व शिक्षिकाओं के डांस को अभद्र व आपत्तिजनक माना जा रहा था। इसे लेकर शिवपुरी के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) समर सिंह राठौड़ का कहना था कि यदि डांस में कुछ अभद्र हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

## केरल में पांच साल की बच्ची से बलात्कार, पिता और मामा को 84 साल की कैद

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

एजेंसी। केरल में एक विशेष पोक्सो अदालत ने पांच साल की एक बच्ची से बार-बार बलात्कार करने के जुर्म में बृहस्पतिवार को उसके पिता और मामा को कुल 84 साल की कैद की सजा सुनाई. देवीकुलम पोक्सो त्वरित अदालत के न्यायाधीश रविचंद्र सी आर ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पोक्सो), भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के तहत दोनों मुजरिमों को कुल 84 साल की कैद की सजा



सुनाई। विशेष सरकारी वकील समजू के दास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हालांकि उन्हें 20 साल ही सलाखों के पीछे रहना होगा क्योंकि यह उनकी विभिन्न सजा में सबसे अधिक है. दास के अनुसार अदालत ने उन्हें कैद की अलग-अलग सजाएं एक साथ काटने की अनुमति दी। सरकारी वकील ने बताया कि कैद की सजा के अलावा विशेष अदालत ने उन पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और निर्देश दिया कि जुर्माना राशि पीड़िता को दी जाए।



## बॉयफ्रेंड की वाइफ पर फेका एसिड, पति भी झुलसा

■ ग्वालियर, ईएमएस।

ग्वालियर में शारीरिक शोषण करने और एसिड अटैक का मामला सामने आया है। पांच साल से दुष्कर्म (शारीरिक शोषण) की शिकार एक ब्यूटी पार्लर संचालक युवती ने गुस्से में आकर बॉयफ्रेंड की पत्नी पर एसिड अटैक कर दिया। पत्नी को बचाने के प्रयास में उसके साथ पति भी झुलस गया है। घटना गुरुवार शाम जनकगंज के रामद्वारा इलाके की है। पुलिस के पास जब तक अस्पताल से सूचना पहुंचती उससे पहले ही दुष्कर्म पीड़िता अपने झुलसे हुए बॉयफ्रेंड पर लिव इन रिलेशन में रखकर शारीरिक शोषण करने और धमकाने की एफआईआर कराने पहुंच गई। एसिड अटैक और दुष्कर्म के क्रॉस मामले सामने आते ही पुलिस भी चक्करघिन्नी हो गई। ग्वालियर पुलिस के सामने इस तरह का पहला मामला आया था। अफसरों ने दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर उसके प्रेमी और प्रेमी की पत्नी की शिकायत पर दुष्कर्म पीड़िता पर क्रॉस एफआईआर दर्ज की है।

## इंटीग्रेटेड हेल्थ पॉलिसी जल्द आएगी, कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगी

■ नई दिल्ली, यशभारत।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय मिलकर इंटीग्रेटेड हेल्थ पॉलिसी पर काम कर रहे है, जिसका फायदा जल्द ही लोगों को मिलने लगेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि आयुष और स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त पहल से इंटीग्रेटेड हेल्थ पॉलिसी जल्द आएगी। इस कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा। इससे अस्पताल में मरीज को एलोपैथ के साथ आयुष के इलाज की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि एकीकृत चिकित्सा को बढ़ावा देने में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा का बड़ा योगदान है। स्वास्थ्य मंत्रालय और आयुष मंत्रालय मिलकर एकीकृत




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्वास्थ्य और आयुष मंत्रालय के मंत्रालय की संयुक्त पहल से इंटीग्रेटेड अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय आयुष मिशन सम्मेलन की शुरुआत की।

नजरिए के साथ काम कर रहे हैं। आयुष मंत्रालय की आईसीटी को दो पहल को भी लॉन्च किया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोगोवाल ने ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और स्वास्थ्य मंत्री डॉ मांडविया ने इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड के लिए कॉम्प्रिहेंसिव एएचएमआईएस पोर्टल लांच किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि एकीकृत चिकित्सा को लेकर दोनों मंत्रालय काम कर रहे हैं। इंटीग्रेटिव हेल्थ पॉलिसी में अस्पताल में मरीज का बेहतर तरीके से इलाज हो, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। वहां पर एलोपैथिक डॉक्टरों के साथ आयुष डॉक्टर भी होंगे, जिससे अगर एलोपैथिक डॉक्टर को लगता है कि मरीज को आयुष डॉक्टर की मदद की जरूरत है तो दोनों डॉक्टर आपस में बात करके फैसला ले सकते हैं। एलोपैथिक डॉक्टर को लगता है कि मॉडर्न मेडिसिन सिस्टम में किसी मरीज का इलाज केवल आपरेशन है लेकिन अगर आयुष डॉक्टर कहता है कि मरीज को आयुष इलाज दिया जा सकता है तो इस बारे में डॉक्टर तय कर सकते हैं।इस पॉलिसी को कैबिनेट को मंजूरी मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

## 7 दिन और 58 मौतें..., केदारनाथ में दिल का दौरा पड़ने से गईं अधिक जानें

■ देहरादून, एजेंसी।

अप्रैल के महीने से शुरू हुई चारधाम यात्रा इस साल थोड़ी मुश्किलों से भरी हुई थी. बार-बार मौसम खराब होने के चलते प्रशासन के साथ-साथ श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा है. वहीं अब तक औसतन हर रोज 2 श्रद्धालुओं की मौत हुई है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ये मौतें कार्डियक अरेस्ट या क्रोनिक पल्मोनरी डिजीज के कारण हुई हैं. 27 दिनों के दौरान करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने गढ़वाल हिमालय में 10 हजार फीट से ऊपर स्थित चार हिमालयी मंदिरों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में पूजा की है।



### 2400 लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दी चेतावनी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, लगभग 2,400 लोगों को उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के कारण यात्रा पर जाने से पहले अधिकारियों द्वारा चेतावनी दी गई थी. उन लोगों से एक कागज पर हस्ताक्षर कराए गए, जिसपर लिखा था कि तीर्थ यात्रा के दौरान अगन उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे. फेफड़े की समस्या से पीड़ित लगभग 7,000 तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य निगरानी टीम ने उनके स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुए पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर दिया। नाम न छापने का अनुरोध करते हुए एक वरिष्ठ चिकित्सक ने टीओई को जानकारी देते हुए बताया कि 27 दिनों में 58 मौतें दर्ज की गई हैं, उनमें से ज्यादातर कार्डियक अरेस्ट से संबंधित हैं और केदारनाथ में हुई हैं. इन तीर्थयात्रियों की या तो ट्रैक मार्ग पर या होटलों में मृत्यु हो गई।



# शनि जयंती पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

# शनि धाम तिलवारा घाट में 56 भोग

**जबलपुर यशभारत।** श्री शनि जयंती आज नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। अल सुबह से ही सभी शनि मंदिरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस बार शनि जयंती पर कई शुभ संयोग का निर्माण होने जा रहा है। दरअसल, शनि प्राकट्योत्सव यानी ज्येष्ठ अमावस्या के दिन वट सावित्री व्रत और कृतिका नक्षत्र भी है। इसके अलावा शनि प्राकट्योत्सव के दिन शनिदेव स्वयं की राशि कुंभ में विराजमान रहेंगे। शनि जयंती के पावन अवसर पर सुबह आस्था और उत्साह के साथ मनाई जा रही है इस मौके पर सुबह मंदिरों में शनि देव का अभिषेक किया गया और उसके पश्चात हवन और दीप प्रज्जवलित कर भगवान की विशेष आरती की गई। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के दिन श्री शनि प्राकटोत्सव मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार शनि देव को भगवान सूर्य और छाया के पुत्र है। इस तरह सनातन धर्म में शनि देव का खास महत्व है। इस वर्ष शनि जयंती के शुभ अवसर पर शोभन योग बन रहा है इन दिनों न्याय के देवता शनि देव अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में विराजे हैं। उनके जन्मदिवस को हर साल शनि प्राकटोत्सव के तौर पर धूमधाम से मनाया जाता है। कहते हैं इस खास दिन पर माँ नर्मदा में स्नान कर श्री शनि देव की विधि अनुसार पूजन करने से जातकों को विशेष फलों की प्राप्ति होती है। भक्तों के सारे कष्टों का निवारण और सकारात्मकता का संचार होता है। इतना ही नहीं, शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और शनि की महादशा के बुरे प्रभावों से बचने के लिए भी शनि देव की पूजा करना आवश्यक है।शनि धाम तिलवारा के पंडित सतीश महाराज ने बताया कि शनि जयंती व महापर्व के शुभ अवसर पर श्री शनिधाम तिलवारा घाट स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो गए हैं जिसमें 18 मई को श्री राधाकृष्ण श्री विग्रह का मूल पीठ स्थापना के साथ अन्नाधिवास, फलाधिवास , जलाधिवास किया गया। आज शनि जयंती के अवसर पर प्रातः 8 बजे से श्री राम चरित मानस अखंड पाठ शुरू हुआ। महाभिषेक के बाद भंडारा प्रसादी वितरण हुआ।, सायं 5 बजे से महाभिषेक , महाआरती, वृंदावन से पधारे पंडितो के व्दारा निर्माण किये गये 56 प्रकार के व्यंजनों, पकवानों, भोगों को शनि महाराज को अर्पित किये जायेंगे 20 म ई को श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ विश्राम , भंडारा, सायं 5 बजे से शनि महाअभिषेक, हवन पूजन अर्चन, महा आरती , संगीतमय सुन्दर कांड पाठ ,भजन संध्या होगी , शनि प्राकट्योत्सव के महा महोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह पं. सतीशजी महाराज, नितिन भाटिया, संजय तिवारी ,पं. अनिल मिश्रा,अखिलेश सोनी,विध्येश भापकर, शुभम तिवारी, हितेश पटेल, सिद्धांत विनायक,विवेक पाण्डेय, शिवा तिवारी, उमेश विश्वकर्मा,गणेश साहू , विजय पटेल, पट्टू उपरीत ,अशोक साहू ,राजकुमार पटेल,मनीष साहू ,लक्ष्मण पटेल,ब्रजेश कुशवाह,विजय ठाकुर,प्रदीप साहू ,मनोज ठाकुर ,प्रहलाद बंसल,प्रवीण मजूमदार आदि कार्यकर्त्ताओं के साथ शनिधाम तिलवारा भक्त मंडल ने की है ।



## वट सावित्री का व्रत रखा,अखण्ड सौभाग्य की कामना की

हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का बेहद ही विशेष महत्व होता है। आज सुबह से ही महिलाओं ने अपने पतियों के लंबी उम्र के लिए और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखा और बरगद के पेड़ की पूजा कर परिक्रमा की। मान्यता हैं कि वट वृक्ष में त्रिदेव का वास होता है। इस दिन पूजा करने से पति की अकाल मृत्यु टल जाती है और पति पर आने वाले संकट दूर होते हैं। साथ ही दांपत्य जीवन भी सुखमय होता है। जेष्ठ माह की अमावस्या पर 19 मई को शुभ मुहूर्त सुबह 9.19 बजे से शुरू होकर 10.42 बजे तक रहा। इस दिन शुभन योग में पूजा की गई और पेड़ के नीचे ही भोजन किया।



# हैल्प डैस्क -बाल मित्र का उद्देश्य महिला -बच्चों को सहज एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है

## पुलिस कन्ट्रोल रूम जबलपुर में एक दिवसीय स्टेक होल्डर्स कार्यशाला में एसपी ने कहा

**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस कन्ट्रोल रूम में जन साहस संस्था एवं जबलपुर पुलिस के द्वारा एक दिवसीय स्टेक होल्डर्स कार्यशाला आयोजित की गयी। काय्रशाला में जबलपुर जिले के शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ उर्जा महिला हैल्प डैस्क प्रभारी तथा बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीडित प्रतिकार योजना 2015 के सम्बंध में तथा जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा जे.जे. एक्ट के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि थानों में उर्जा महिला हैल्प डैस्क तथा बाल मित्र कक्षों की स्थापना किये जाने का उद्देश्य हिंसा,प्रताड़ना से ग्रसित महिला एवं बच्चों को सहज एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है जिससे वह निर्भीक होकर अपनी समस्या बता सके, बाल मित्र कक्ष का एक और उद्देश्य उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक कर उनके व्यक्तित्व निर्माण मे सहायता करना भी है। आप सभी अति संवेदनशील होकर कार्य करें, पीड़ित की समस्या का त्वरित निराकरण करें । कार्यशाला में सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष यशवंत ठगेले द्वारा बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास तथा सीडब्ल्यूसी की भूमिका पर एवं रीना डोंगरे मुमुक्षा जोशी द्वारा पाक्सो एक्ट एवं सायबर क्राईम पर जानकारी दी गयी।

# श्रीअन्न कोदो–कुटकी के उत्पादन वृद्धि एवं क्षेत्रफल वृद्धि हेतु जनेकृविवि का सार्थक प्रयास

## खरीफ में 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कोदो–कुटकी का फसल प्रदर्शन का लक्ष्य

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू के मार्गदर्शन में कोदो–कुटकी के क्षेत्रफल में बढ़ोत्तरी हेतु बेहतर कदम उठाये गये हैं। इस दिशा में विश्वविद्यालय में के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ जी के कौतू ने जानकारी देते हुये बताया कि इन श्रीअन्न मिलेट्स फसलों के क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिये कृषि विश्वविद्यालय की इकाई क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, डिण्डोरी, कृषि विभाग एवं विभिन्न अशासकीय संस्थाएं मिलजुलकर प्रयास कर रही हैं। प्रक्षिक्षण व प्रदर्शन के माध्यम से इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से कृषकों को कोदो–कुटकी के खेतों में हरी खाद के रूप में ढेचा की फसल लगाने पश्चात् उसकी खेती करने की सलाह दी जाती है। जिससे भूमि की उर्वराशक्ति में वृद्धि एवं पैदावार में बढ़ोत्तरी की जा सकती है। इसके उपयोग से उन खेतों में प्रत्येक वर्ष इसकी खेती की जा सकती है, जिससे इसके क्षेत्रफल में आने वाली कमी दूर हो सकती है। इसके साथ–साथ अधिकांश कृषकों द्वारा अरहर की शुद्ध फसल लेने का प्रयास किया जाता है। लेकिन उसकी पैदावार अधिक नहीं ले पाते, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, यदि ऐसे कृषक कोदो–कुटकी के साथ अन्तवर्तीय फसल के रूप में अरहर की खेती करते हैं, तो कोदो–कुटकी के क्षेत्रफल में भी वृद्धि के साथ एक ही एक स्थान पर कृषक एक से अधिक फसल लगाकर अधिक आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, डिण्डोरी द्वारा आने वाले खरीफ मौसम में कोदो–कुटकी की शुद्ध फसल एवं अरहर के साथ अतवर्तीय फसल प्रदर्शनों का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रत्येक वर्ष की भांति कोदो–कुटकी के लगभग 50 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रदर्शन डालने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे लघुधान्य फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि की जा सकें।





# दलालों के गुर्गों द्वारा बनने वाली तत्काल टिकिटों पर रोक लगे

## विजन जबलपुर संस्था ने रेल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर यशभारत।** इन दिनों तत्काल टिकट में दलालों द्वारा की जा रही कालाबाजारी को लेकर विजन जबलपुर के पदाधिकारियों ने आक्रोश जताते हुए एक ज्ञापन डीआरएम सहित रेल अधिकारियों को सौपंते हुए मांग की है कि दलालों के गुर्गों द्वारा बनाई गई तत्काल टिकट को रद्द करते हुए सही और जरूरत मंद व्यक्तियों को टिकट उपलब्ध कराई जाए और वे कालाबाजारी के चुंगुल से बचें। विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह का कहना है कि तत्काल टिकट हेतु कूपन वितरण का समय 8.30 बजे से प्रारंभ किया जाता है। जिसका कोई औचित्य नहीं है। क्योंकि टिकट बुकिंग का काम काज प्रातः 8 बजे प्रारंभ होता है। इस आधे घंटे के दरम्यान अफरा तफरी मची रहती है। अतः टोकन देने का समय भी प्रातः 8 बजे किया जाए।इसी तरहवर्तमान में तत्काल टिकट हेतु केवल 4 काउंटर ही खुलते हैं।

## स्वच्छ व स्वस्थ और सुन्दर वार्ड की परिकल्पना का साकार देने में लगे हैं कमलेश अग्रवाल

# महाराजा अग्रसेन वार्ड में सड़क का सीमेंटीकरण

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं महाराजा अग्रसेन वार्ड पार्षद समाज सेवी कमलेश अग्रवाल लगातार वार्ड के चहुंमुख विकास में जुटे हैं। स्वच्छ व स्वस्थ और सुन्दर वार्ड की परिकल्पना का साकार देने में लगे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को उन्होंने महाराजा अग्रसेन वार्ड के अंतर्गत डॉ अर्पण मिश्रा के घर के बाजू वाली गली में सड़क सीमेंटीकरण का काम चालू कराया। बहुत दिनों से यह सड़क खराब हो चुकी थी जनता की मांग पर यह इसका निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने आज सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और त्वरित गति से पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जा रहे कार्य पर संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा कि हम सब कार्यकर्ता वहां पहुंचे। सड़क निर्माण कार्य से लोगों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल है।





## साधु संतों, मठ मंदिरों , गौशाला के विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिले स्वामी नरसिंह दास महाराज

**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री निवास पर अखिल भारतीय संत समिति एवं विश्व हिंदू परिषद की प्रदेशीय संयुक्त बैठक संपन्न हुई, जिसमें मठ मंदिर ,नर्मदा शुद्धि करण, गौशाला संस्कृत पाठशाला जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी बिंदुओं के निराकरण का आश्वासन दिया। पूज्य संतों एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का शाल श्रीफल माला से स्वागत कर पूज्य संतो ने आशीर्वाद प्रदान किया इस अवसर पर जबलपुर से श्री नरसिंह पीठाधीश्वर *डॉ. स्वामी नरसिह दास महाराज ,इंदौर से महामण्डलेश्वर स्वामी राधे राधे बाबा महाराज, होशंगाबाद से महामंडलेश्वर स्वामी हनुमान दास महाराज, महंत कन्हैया दास महाराज, स्वामी अनिलानंद महाराज ,महंत राधामोहन दास ,सीहोर से महामंडलेश्वर केशव दास महाराज ,उज्जैन से महंत शालिग्राम दास महाराज, विश्व हिन्दू परिषद् से सह मंत्री एवं मध्य प्रदेश के पालक अधिकारी राजेश तिवारी एवं मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मुन्ना पाण्डेय की गरिमा मयी उपस्थिति रही।

## त्रिपुरी चौक से पंडा की मढ़िया की ओर जाने वाला मार्ग दो माह के लिए बंद

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम द्वारा क्षेत्रों में विकास के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत संभाग क्रमांक 02 कछपुरा के वीरेन्द्रपुरी वार्ड में त्रिपुरी चौक से पंडा की म?िया की ओर जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके कारण दो माह के लिए मार्ग को बंद रखा जायेगा। इसकी जानकारी संभागीय यंत्री प्रदीप सिंह मरावी ने दी है। मार्ग निर्माण की बजह से नागरिको को होने वाली असुविधा के लिए प्रशासन ने खेद व्यक्त किया है।





# डॉ बैजनाथ गौतम को दिया गूँज शब्द शिल्पी सम्मान

**जबलपुर यशभारत।** कविवर पं. उमेश मिश्रा जी के लिखे, जब नगर के सुप्रसिद्ध/ वरिष्ठ गायक कलाकार पं. रुद्र दत्त दुबे, कुलजीत सिंह, डॉ बैजनाथ गौतम, दिलीप कोरी, संजीव सिन्हा, तेजल , दुर्गेश ब्यौहार, नेहा खरे, प्रांजलि दिधाते, राम किशोर श्रीवास्तव, डॉ अनिल कोरी, विनीता पैगवार, अरविंद विश्वकर्मा, श्रुति भट्टाचार्य, आरती विश्वकर्मा, संजना देव मयंक विश्वकर्मा, सुभाष दीक्षित (वॉयलिन), ऋषभ भट्ट (तबला) और अंशुमान नामदेव (ऑर्गन) ने कला वीथिका में प्रस्तुत किये तो सारा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। गूँज संस्था के संस्थापक पं. उमेश मिश्रा की स्मृति में, उनकी ही रचनाओं की प्रस्तुति के इस भावपूर्ण आयोजन में, शब्द शिल्पी सम्मान गूँज संस्था द्वारा पूर्व आकाशवाणी अधिकारी बैजनाथ गौतम जी को दिया गया साथ ही सभी स्वर साधकों को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया द्य अध्यक्ष डॉ हरि शंकर दुबे, मुख्य अतिथि द्वय पगलानंद जी महाराज व गुरुवर डॉ सत्येंद्र स्वरुप शास्त्री जी तथा विशिष्ट अतिथि श्री भजन लाल महोबिया, श्री उमाशंकर अवस्थी एवं श्रीमती माधुरी मिश्रा थीं। संचालन डॉ बैजनाथ मिश्रा, संयोजन इंजी./डॉ. दुर्गेश ब्यौहार दर्शन एवं धन्यवाद/आभार प्रदर्शन माधुरी मिश्रा का रहा।

## छःमाह शिव की उपासना करने से कष्टों का निवारण होता है:प्रमेश मिश्र

जबलपुर, यशभारत। गौ माता बड़ी पवित्र है, देवता की पुकार भी गौ माता ही लगाती है, गौ माता के लिए प्रति दिन ग्रास निकालना चाहिए, प्रभु शंकर सब कुछ देने वाले है, भोले जी ही हनुमान के रूप में कलयुग में भक्तों को प्रभु से मिलाते है, कष्टों को हरते है, वह समस्त दुखों को हरते है। शरीर की सफलता भक्ति से है ।हनुमत लला राम जी से मिलाने का कार्य करते है, भावताचार्य स्वर्गीय श्री कमला कांत जी मिश्र के शिष्य गुरु महराज श्री प्रमेश जी मिश्र ने कहा आज भोजन,वस्त्र, भाषा और रहने के तरीके बिगड़ गए है। कथा में योगेंद्र दुबे, मुकेश,सतीश,सोनू,अटल उपाध्याय,सुनील,संदीप सोनी,अनिल चौकसे, हरसू महोबिया,रमेश निरंजन,ऋषभ खरे, प्रशांत चौकसे,अभय,नंद किशोर,ऋतिक गौतम,नमन, ओम, कार्तिक, असमी, उपाध्याय,राज कुमार पटेल, दीपक यादव ने कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।




# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर यशभारत।** लमती में भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ नितिन दुबे के द्वारा आयोजित विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर में 1125 मरीजों का प्रशिक्षण किया इसमें मुख्य अतिथि श्री आशीष दुबे प्रदेश मंत्री नीरज सिंह ,रुपेश पटेल ,नीता जैन ,पार्षद अर्चना सिसोदिया जी ,हिमांशु शुक्ला ,डॉ. पुष्पराज पटेल ,डॉ.कावेरी शाह, डॉ.अखिलेश नेमा डॉ ऋृति शर्मा डॉ. नेहा राठौर एवं पैथकाइंड पैथोलॉजी की इसमें प्रकोष्ठ में के जिला मंत्री डॉ दीपक दुबे डॉ, चिंतन बबेले डॉ.सरिता साहू,डॉ.राजकुमार कुशवाहा एवं जबलपुर ग्रामीण के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पहले अनुकम्पा नियुक्ति दी ,फिर कर दी निरस्त

## जिले के शिक्षा विभाग में अराजकता का माहौल : आरोप

**जबलपुर यशभारत ।** म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ आरोप लगाया है कि जिले के शिक्षा विभाग में यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि अंधेर नगरी चौपट राजा टके सेर भाजी टके सेर खाजा । संघ ने बताया कि प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी का पुनः एक नया कारनामा देखने को मिला है जिसमें उनके द्वारा 27 अप्रैल 2023 को अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दो परिवारों में रोशन बिखराते हुए परिवार के एक–एक सदस्य श्रीमती अंजनी तिवारी पति स्व0 श्रीभास्कर तिवारी अध्यापक एवं श्रीमती निशा बबेले पति स्व0 श्री मनोज बबेले सहायक अध्यापक को प्राथमिक शिक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई, परन्तु आश्रित परिवार की खुशियाँ एक माह भी नहीं रह सकी क्योंकि जिले के शिक्षा विभाग मुखिया श्री सोनी ने पुनः 15 मई 2023 को एक आदेश जारी कर उक्त अनुकम्पा नियुक्तियों को निरस्त कर उनके घर में पुनः अंधेरा दिया एवं कारण बताया गया कि शासन के सभी आदेश नियमित शासकीय सेवकों की मृत्यु पर उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने के लिए हैं जबकि श्री सोनी द्वारा शासनादेशों की गलत व्याख्या करते हुए उक्त नियुक्तियाँ निरस्त की गई है शासन एवं वरिष्ठ कार्यालय से जो भी आदेश जारी हुए है उनमें हमेशा अध्यापक संवर्ग को भी अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पात्र माना गया है यदि उक्त सदस्य अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं थे तो उनके आदेश क्यों जारी किये गये । प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोनी का यह पहला कारनामा नहीं है इसके पूर्व भी वे 02 अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी कर उनको निरस्त कर चुके है जिनके परिवार भी न्यायालय की शरण में जाने को मजबूर हुए । संघ के योगेन्द्र दुबे अटल उपाध्याय आलोक अग्निहोत्री ब्रजेश मिश्रा ने मांग कि है कि ऐसे अत्याचारी नियमो को न जानने वाले प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल निलंबित किया जाकर जबलपुर जिले के लिए पूर्णकालिक जिला शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना की जावे ताकि शिक्षा विभाग में अराजकता का माहौल खत्म हो सके ।

## परसवाड़ा विस्थापित बस्तियों में हो रहे हैं 13 करोड़ के विकास कार्य

# विस्थापित बस्तियों में लोगों से हाल-चाल जानने पहुँचे महापौर अन्नू

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम द्वारा मेडिकल धनवंतरी नगर से लगे परसवाड़ा विस्थापित बस्तियों–कॉलोनियों क्रमशः दुर्गा नगर, शांति नगर, भूकम्प कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने तथा नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दृष्टि से सड़कों के निर्माण कराये जा रहे है, इसके साथ–साथ साफ स्वच्छ वातावरण के लिए सीवर लाइन भी बिछाई जा रही है। भरपूर पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन का विस्तारीकरण भी महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परसवाड़ा विस्थापित बस्तियों में रूपये 13 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराये जा रहे हैं। जिसका निरीक्षण आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य मनीष पटैल, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, एवं सहायक यंत्री सुनील दुबे आदि के साथ किया और 15 जून वर्षाऋतु आगमन के पूर्व उपरोक्त सभी बस्तियों में निर्माणाधीन कार्यो को पूर्ण कराने के निर्देश दिये।





महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा विकास कार्यो के निरीक्षण बाद वहॉ के नागरिकों से बातचीत की और अधिकारियों से विकास कार्यो की प्रगति की जानकारी के साथ कार्य योजना पूर्ण करने के संबंध में भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने अवगत कराया कि पूरी टीम लगाकर नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वर्षाऋतु आगमन के पूर्व सभी कार्य पूर्ण कराये जाने की दिशा में कार्यवाही की जायेगी।

महापौर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि यहॉ कॉलोनियों एवं बस्तियों में सीवर एवं स?कों के निर्माण कार्यो के कारण आम नागरिकों को आवागमन करने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने इसके लिए निर्देशित किया कि एक छोर से कार्य प्रारंभ करें तो दूसरी तरफ से सुरक्षात्मक सभी पहलूओं को अपनाते हुए आवागमन चालू रखें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आम नागरिकों को अद्योसंरचना एवं प्रचलित विकास कार्यो के कारण किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें।

# रेलवे फाटक पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली ,कई घायल

## संरक्षा के प्रति सतर्कता एवं मुस्तैदी को परखने किया गया मॉकड्रिल



**जबलपुर यशभारत।** रेल संरक्षा एवं यात्री सुरक्षा के प्रति सजगता को परखने तथा आपदा प्रबन्धन के उपायों को जॉचने के लिए गत दिवस एक मॉकड्रिल किया गया। इसके लिए नियंत्रण कार्यालय को दोपहर लगभग समय 12.15 बजे सूचना दी गई कि जबलपुर मण्डल के कछपुरा-भेड़ाघाट रेल खण्ड पर लेवल क्रासिंग संख्या-312 फाटक के पास एक ट्रेक्टर-ट्रॉली गिर गई है और इस घटना में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही मुख्यालय के केन्द्रीय नियंत्रण कार्यालय में तथा जबलपुर मंडल के नियंत्रण कार्यालय में भी रेल अधिकारी तत्काल पहुंच गए। एक्सीडेंट रिलिफ ट्रेन तुरंत ही घटनास्थल की ओर रवाना हो गई । बचाव व राहत कार्यो की पूरी तैयारी होने के बाद घटना को 13ः15 बजे मॉक ड्रिल घोषित किया गया । उल्लेखनीय है कि आपदा काल में सम्बन्धित सभी विभागों की सतर्कता और मुस्तैदी एवं आपदा के दौरान अपनाए जाने वाले सभी संरक्षा उपायों की जांच करने तथा विभिन्न गतिविधियों को परखने के लिए यह मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। इस मॉकड्रिल अभ्यास में सम्बन्धित सभी विभाग अपनी ड्यूटी के प्रति सतर्क और मुस्तैद पाए गए।

### मॉक ड्रिल में इन्होंने लिया भाग

मॉकड्रिलअभ्यास में रेलवे के वाणिज्य, परिचालन, संरक्षा, सुरक्षा, लेखा, संकेत व दूरसंचार, यांत्रिक, विद्युत, कार्मिक विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत बरगी में आयोजित शिविर में 54 दिव्यांगों के बने विकलांगता प्रमाण-पत्र.

**जबलपुर , यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण में आयोजित किये जा रहे दिव्यांगजनों के विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिये आयोजित किये जा रहे शिविरों की श्रृंखला में आज गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि भटनागर के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 106 पंजीयन हुये और सभी का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया । इनमें से 54 दिव्यांगों को विकलांगता प्रमाण पत्र बना कर प्रदान किये गये । जिनके विकलांगता प्रमाण पत्र बनाये गये उनमें 30 अस्थि बाधित, 6 श्रवण बाधित, 14 दृष्टि बाधित तथा मानसिक रोग से पीड़ित 4 दिव्यांग शामिल हैं । एवं 52 अन्य मरीजों को स्वास्थ सुविधा प्रदान की गई । शिविर में जिला चिकित्सालय के नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा अग्रवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ तरुण अहरवाल, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विद्या रतन वरकडे ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# जबलपुर पुलिस बुजुर्गों को अकेला नहीं होने देगी: एसपी

## आस्था अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ने घर पहुंचकर जाने हालचाल



**जबलपुर,यशभारत।** ''आस्था'' अभियान का उद्देश्य एकांकी जीवन व्यतीत करने वाले वृद्धजनों में सुरक्षा, स्वास्थ, आत्मविश्वास, सदभाव व सम्मान का है भाव जाग्रत करना है। इसी उद्देश्य को सार्थक करते हुए थाना संजीवनी नगर अंतर्गत निवास कर रहे प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त कमलेश तिवारी , एवं अतिरिक्त संचालक राज्य वित्त कोष लेखा सेवा से सेवा निवृत्त शशिकांत दुबे , रिटायर्ड इंजीनियर विद्युत विभाग आनंद खरे के निवास पहुंचकर एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने पुष्प गुच्छ भेंट करते हुये मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर एसपी तुषार कांत विद्यार्थी ने कहा कि 60 साल की उम्र में जब बुजुर्गों को सहारा देने की जरूरत होती है उनके बच्चे रोजगार की तलाश या अन्य किसी कारण से अपने घर से बाहर चले जाते हैं और बुजुर्ग घर में अकेलापन महसूस करते हैं। लेकिन अब जबलपुर पुलिस इन बुजुर्गों को अकेला नहीं रहने देगी इसके साथ ही उनके सुख और दुख में साथ खड़ी रहेगी। इस मौके पर एसपी ने थाना प्रभारी संजीवनी नगर के.के. ब्रम्हे को निर्देशित किया कि समय- समय पर मोबाईल पर चर्चा करते हुये व्यक्तिगत रूप से निवास पर भी आकर मिलते रहें, यदि किसी भी प्रकार की कोई आवश्यकता है तो तुरंत समस्या का समाधान करें, यदि मेरे स्तर की है तो मुझे अवगत करायें।

# राष्ट्रीय कार्यशाला में नई शिक्षा नीति पर विचार विमर्श



**जबलपुर, यशभारत।** स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली सी.आर.सी भोपाल में विकलांग सेवा भारती द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण मानव संसाधन विकास संबंधी राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई थी जिसका समापन समारोह दत्त स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित किया गया समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय अशोक रोहाणी विधायक जबलपुर,अध्यक्षता डॉ संजय तिवारी कुलपति मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय,विशिष्ट अतिथि डॉ कपिल देव मिश्रा कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ अशोक खंडेलवाल कुलपति मेडिकल विश्वविद्यालय जबलपुर, श्री हरेंद्र सारस्वत कुल सचिव महाकोशल विश्वविद्यालय, श्री रिंकू विज अध्यक्ष नगर पालिका नगर निगम जबलपुर, डॉ सुबोध कुमार उपनिदेशक भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली, श्री गणेश जोशी निर्देशक सीआरसी भोपाल, श्री दीपांकर बैनर्जी एरिया डायरेक्टर सोशल ओलंपिक मध्यप्रदेश की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन समारोह में उपस्थित 14 राज्यों के 308 प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रोहाणी ने आव्हान किया कि आप सभी विशेषज्ञों का यह दायित्व बन जाता है कि प्रत्येक दिव्यांग को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 का भरपूर लाभ प्राप्त हो। विशिष्ट अतिथि डॉ सुबोध कुमार उपनिदेशक भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली में अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय पुनर्वास परिषद का हमेशा यह प्रयास रहा है कि दिव्यांगों को क्वालिटी एजुकेशन के साथ बेहतरीन विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त हो। अतिथियों का धन्यवाद दीपांकर बैनर्जी एरिया डायरेक्टर स्पेशल ओलम्पिक म. प्र. ने किया उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यशाला की संपूर्ण गतिविधियों का एक सारांश बनाकर बनाकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में भेजा जाएगा ताकि आगे की रणनीति तैयार हो सके।



# बड़ेरिया ग्लोबल यूथ फेस्ट 2023 आज से

**जबलपुर, यशभारत।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय ग्लोबल यूथ फेस्ट का आयोजन आज 1 से 21 मई 2023 को किया जाना है। जिसमे विभिन्न टेक्नीकल इवेंट जैसे- रोबोरेस, रोबोवार, कोडिंग, ई-रचना, प्रोजेक्टथॉन, विभिन्न कल्चरल इवेंट जैसे ढोल वजदा, सिंगिंग, डांसिग, फैशन शो, नुक्कड नाटक आयोजित होने वाले हैं। यूथ फेस्टीवल में युवाओं को आकर्षित करने के लिये कार एक्सपो, फन गेम्स का भी समावेश किया गया है। फैस्ट के दुसरे दिन में मशहूर रॉक बैंड पार्टी जैमर भी अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरेंगे, ि21 मई को यूथ फैस्ट के आखरी दिन में मुख्य आकर्षण के रूप में मुंबई से आ रहे देश के जाने माने डीजे शेमलैस भी शाम को अपने अंदाज से एवं धमाकेदार प्रस्तुती से युवाओं का दिल जीतेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम शाम 5 बजे से प्रांरभ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा इवेंट को लेकर शहर के युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। महाविद्यालयीन प्रशासन ने भी न सिर्फ ग्लोबल महाविद्यालय के विद्यार्थियों को बल्कि शहर के अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी कल्चरल, टैक्निकल एवं अन्य गैम्स में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुये विभिन्न नामों को जीतने हेतु आमंत्रित किया गया है। इस भव्य यूथ फेस्ट का आयोजन महाविद्यालय परिसर में ही होना है।

# ओएफके में ज्वाइंट सेक्रेटरी ने जमीन के साथ देखा उत्पादन

## निर्माणी के आधुनिकीकरण उत्पादन गतिविधियों पर संतोष जताया



**जबलपुर यशभारत।** रक्षा उत्पादन विभाग के ज्वाइंट सेक्रेट्री (लेण्ड साइड) सुरेंद्र प्रसाद यादव ने आयुध निर्माणी खमरिया का दौरा कर न केवल इस्टेट परिसर की जमीन देखी अपितु इसके साथ ही उन्होंने उत्पादन अनुभागों में जाकर उत्पादन गतिविधियों का अवलोकन किया ।इस दौरान निर्माणी के महाप्रबंधक एम एन हालदार के साथ अन्य अधिकारियों से चर्चा की ।उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्रालय के सभी रक्षा संस्थानों जिसमें सैन्य छावनियों सहित अन्य निदेशालयों के पास प?ी अतिशेष भूमि के अन्य उपयोग का फैसला किया है ।जिसमें निजी उद्योगों के साथ अन्य को जमीन दिया जाना है ।रक्षा मंत्रालय का मानना है कि वर्तमान में वेशकीमती जमीन बेकार प?ी है जिससे सरकार को अतिरिक्त आय हो सकती है ।इसी संदर्भ में रक्षा उत्पादन विभाग के संयुक्त सचिव का शहर की आयुध निर्माणियों का दौरा तय है ।गुरुवार को व्हीएफजे और खमरिया का दौरा करने के बाद संयुक्त सचिव शुक्रवार को जीसीएफ का दौरा कर रहे हैं। आयुध निर्माणी खमरिया के जनसंपर्क अधिकारी आर के कुम्हार ने बताया किआयुध निर्माणी खमरिया में ज्वाइंट सेक्रेट्री (एल एस),रक्षा मंत्रालय ,नई दिल्ली सुरेंद्र प्रसाद यादव का दौरा हुआ। इस अवसर पर महाप्रबंधक एम.एन.हालदार ने उन्हें निर्माणी के विभिन्न अनुभाग फ्यूज प्रोडक्शन , लेड अजाइएड एवं लेड स्टेफनेड मैन्युफैक्चरिंग,30एम एम एम्युनिशन औटोमैटिक एसेम्ब्ली लाइन,एवं मैंगो प्रोजेक्ट का अवलोकन कराया। श्री यादव ने विभिन्न अनुभागों में बड़े पैमाने पर हुए आधुनिकीकरण, मानकीकरण, उत्पादन गुणवत्ता एवं कर्मचारियों की संरक्षा एवं सुरक्षापर संतोष जताया।


**पश्चिम मध्य रेल**
**संकेत एवं दूरसंचार विभाग**
**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यो हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/एन/सिग./टेण्डर/2023/10. **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के KEQ यार्ड (फेज I) में मौजूदा PI के साथ एक UP/DN लूप लाइन का प्रावधान। **निविदा का अनुमानिम मूल्य (रु. में):** 11403161.57. **निविदा फार्म की कीमत (रुपये):** 00/- **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर. **बयाना राशि रुपये:** 207000/- **समापन अवधि (माह):** 06 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 16.06.2023 को 15:00 बजे तक बंद होगी एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी।, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा वेबसाइट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना


# कृषि मंत्री के खिलाफ आम आदमी पार्टी का फूटा आक्रोश

## कृषि मंत्री से इस्तीफे की मांग को किया बुलंद



**जबलपुर,यशभारत।** आम आदमी पार्टी ने कृषि मंत्री कमल पटैल के विरोध में कृषि उपज मंडी जबलपुर के गेट नंबर-1 के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि कृषि मंत्री कमल पटैल सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे नहीं तो अपने पद से इस्तीफा दे दें। आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विजय मोहन ने बताया कि पिछले दिनों भोपाल में जाट महाकुंभ का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही। इस दौरान मंच पर आम आदमी पार्टी के प्रभारी, दिल्ली के विधायक व्ही एस जोन मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के विधायक व्हीएस द्वारा किसानों की आवाज मंच से उठाई जा रही थी कि तभी मप्र के कृषि मंत्री कमल पटैल ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मंच से हटने को कहा जिसका पूरी आम आदमी पार्टी और प्रदेश के पूरे किसान विरोध करते हैं।

## महाराणा प्रताप जयंती पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह 22 को

**जबलपुर, यशभारत।** समरस भारत समर्थ भारत के लिये भारतीय संस्कृति एवं सनातन परम्परा के अनुरूप च्व्सब सबको जाने - सब सबको माने एक अभियान के अंतर्गत सामाजिक समरसता के परिपेक्ष्य में 22 मई सोमवार महाराणा प्रताप जयंती पर समरसता सेवा संगठन द्वारा एक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 12.00 बजे समन्वय सेवा केन्द्र आद्य शंकराचार्य चौक, में किया गया है।


**कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला- जबलपुर**

क्र. / आब. / लेखा / 2023/2362 — जबलपुर दिनांक 7 /5/ 2023

**निविदा सूचना**

आबकारी आयुक्त म.प्र. ग्वालियर के पत्र क्रमांक / 9- लेखा / बजट / 2023/505 ग्वालियर, दिनांक 15-05-2023 से जबलपुर जिले में वित्तीय वर्ष **2023-24** की शेष अवधि दिनांक 01-06-2023 से 31-03-2024 तक के लिये आबकारी विभाग में अपराध नियंत्रण एवं प्रर्वतन कार्य हेतु मासिक किराये पर 12 (बारह) वाहनों के अनुबंध हेतु पंजीकृत फर्मो / संस्थाओं से मुहरबंद निविदायें सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट जबलपुर में दिनांक **23-05-2023 दिन मंगलवार 2 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र रू 500/- (पांच सौ रूपये) ई-चालान द्वारा जमा कर कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक **23-05-2023 दिन मंगलवार** (शाम 4 बजे ) खोली जावेगी। निविदादाता की अनुपस्थिति, टेण्डर खोलने की प्रक्रिया को बाधित नहीं करेगी अपराध नियंत्रण एवं प्रर्वतन कार्य हेतु किराये पर लिये जाने वाले वाहन पंजीयन **वर्ष 2020** के पूर्व का नहीं होना चाहिए। वाहन के लिए टेण्डर दर फिक्स रेट एवं वेरिएबल रेट में प्रस्तुत करें अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जबलपुर से सम्पर्क करें एवं वाहन स्वामी को म.प्र. शासन वाणिज्यिक कर विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक / 2 (बी)/09 /2010/2/ पाच भोपाल दिनांक 11-06-2016 एवं म.प्र. शासन वित्त विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी पत्र क्रमांक एफ-11-16/2012/ नियम / धार भोपाल दिनांक 24-12-2013 में वर्णित मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करना होगा। वाहन को मासिक किराये पर अनुबंधित किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति, पंजीकृत फर्म / सस्था द्वारा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में वाहन टेक्नी कोटे में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित शर्तो एवं निबंधनों की जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आबकारी आयुक्त
जिला जबलपुर



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./393/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 10/5/23

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कमलेश ताम्रकार पिता स्व बद्रीप्रसाद ताम्रकार निवासी वार्ड नं 37 मंजुतेली की गली चेरीताल के द्वारा मौजा ब्लॉक नंबर 08 प्लॉट नंबर 33 स्थित भूमि खसरा नंबर में से रकवा 412.2 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता विनीता चौरसिया/मोहरलाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक से क्रय किया जाना लेख है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 26/5/23 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 10/5/23
पेशी दिनांक - 26/5/23

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म0प्र0)**

नि0सू0क्र0 / 11 / व.ले.लि. / का.यं. / लो.स्वा.यां. / 2023 — डिण्डौरी, दिनांक 12.05.2023

**-:निविदा आमंत्रण सूचना :-**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत Drilling of Combination well 350/150 mm Dia and 60 mtr Deep Gravel Packed T.W. Various Villages in District Dindori हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान केश-कार्ड, ए.टी.एम., कम डेबिट कार्ड या इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 15.05.2023 को शाम 11.30 बजे से दिनांक 24.05.2023 तक शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है।

**निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।**

| स0 क्र0 | ई निविदा क्र0 | नि.सू. क. | वि.खं. /जिला | विवरण | अनु0लागत (PAC) (रू0 लाख में) | धरोहर राशि(PAC) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED _276036_1 | 11 | डिण्डौरी | Drilling of Combination well 350/150 mm Dia and 60 Mtr. Deep Gravel packed Tubewell and 150 mm Dia 60 mtr ordinary T.W. (Total 120 mtr Depth) 150 Nos. Tubewells by combination rig under Jal Jeevan Mission in Various Villages in District Dindori. | 202.69 | 202690.00 | 15000.00 | चतुर्थ आमंत्रण |

G-13118/23

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
डिण्डौरी (म0प्र0)


# पमरे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आधारभूत संरचना एवं अनुरक्षण क्षेत्र में सराहनीय योगदान

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के कुल 3051 रूट कि.मी. के ट्रैक के अनुरक्षण एवं गाड़ियों के सुरक्षित सञ्चालन के कार्य की जिम्मेदारी को इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बड़ी तत्परता से निभाया जा रहा है, इसी कड़ी में बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत अनेक महत्त्वपूर्ण कार्यों को संपन्न किया गया ढ्ढ साथ ही समय समय पर रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सघन संरक्षा अभियान चलाकर रेल संचालन को और भी दुरुस्त करने के कई कदम उठाये गए हैं इसी श्रृंखला में यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को विशेष महत्व देते हुए पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 50 समपार फाटकों को बंद कराया गया है, इसके साथ ही यात्रियों के बिना किसी रूकावट एवं दुर्घटना रहित आवागमन हेतु 60 लिमिटेड हाइट सबवे एवं 09 रोड ओवर ब्रिजों का निर्माण कराया गया है । गाड़ियों के गति में बढ़ोतरी के साथ सुरक्षित संचालन को ध्यान में रखते हुए पमरे, इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ट्रैक टर्न आउट एवं क्रासिंग पर सामान्य स्विच के स्थान पर थिक वेब स्विच लगाये जाने की शुरुआत की गयी है एवं तीव्रता से इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है ढ्ढ बीते वित्तीय वर्ष में पमरे इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संचयी रूप से 200 नग थिक वेब स्विच के लक्ष्य के मुकाबले 282 नग थिक वेब स्विच प्रदान किये गए हैं । गाड़ियों की औसत गति में ब?ोतरी हेतु इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष के दौरान संचयी रूप से 06 स्थाई गति प्रतिबन्ध के लक्ष्य के मुकाबले 08 स्थाई गति प्रतिबन्ध को हटाया गया हैं, इसके साथ-साथ 56 स्टेशन बिल्डिंग पर आर.आर.आई./ पैनल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य किया गया है जो कि गा?ियों के सञ्चालन को और भी अधिक तेज एवं सुरक्षित बनाता है निर्माण कार्यों में भी पमरे द्वारा सफलतापूर्वक कार्यों का निष्पादन किया गया बीते वित्तीय वर्ष में पमरे द्वारा इरकॉन एवं आरवीएनएल के साथ मिल कर लगभग 250 किलोमीटर नई लाइन, डबल, ट्रिपल लाइन बिछाने का कार्य सफलतापूर्वक किया गया जिसमे मुख्यत: रामगंजमंडी , भोपाल, कटनी-सिंगरौली, कटनी-बीना, सतना-रीवा एवं कोटा-बीना सेक्शन शामिल रहे।


**कार्यालय सक्षम प्राधिकारी/ आयुक्त नगर पालिका निगम, जबलपुर**

क्रमांक-अधी. यंत्री/कालोनी सेल/जनसंपर्क/2023-24/189/ पीआरओ-108 — दिनांक 18.05.2023

**प्रारंभिक सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम सीमान्तर्गत निम्न भूमि पर विकसित की गई अवैध कालोनी के संबंध में अवैध कालोनी निर्माताओं/आम नागरिकों एवं संबंधितों को इस सूचना के माध्यम से जनहित में सूचित किया जाता है कि, प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अवैध कालोनी मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 के अधीन अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कालोनी के सामने वर्णित कॉलम अनुसार विकास दर अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है :-

| क्रमांक | मौजा/ग्राम | नम्बर बन्दोबस्त/पटवारी हल्का नम्बर/खसरा नम्बर | रकबा | विकास शुल्क प्रतिवर्गफुट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरवा | न.बं. 281/162 प.ह.नं. 7/28/33 खसरा नं. 11/1/1 एवं 11/1/3 | 15360 वर्गमीटर | 32/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 2 | पुरवा | न.बं. 162 प.ह.नं. 28 खसरा नं. 120,121,124,129 | 24189.92 वर्गमीटर | 30/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 3 | पुरवा | न.बं. 162 प.ह.नं. 28/33 खसरा नं. 184/2 | 2649.00 वर्गमीटर | 42/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 4 | पुरवा | न.बं.162 प.ह.नं. 7 खसरा नं. 70/1 एवं 70/4 | 18710 वर्गमीटर | 34/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 5 | पुरवा | न.बं. 162 प.ह.नं. 7 खसरा नं. 205/2 | 7716.97 वर्गमीटर | 43/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 6 | पुरवा | न.बं. 162 प.ह.नं. 28/33 खसरा नं. 22/1-क | 5400 वर्गमीटर | 59/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 7 | पुरवा | न.बं. 162 प.ह.नं. 28/33 खसरा नं. 753, 755, 756 | रकवा 5630.00 वर्गमीटर | 42/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 8 | करमेता | न.बं. 497 प.ह.नं. 8 (पुराना 23) खसरा नं.538/1-2-3-4-5-6, | रकवा 24490.00 वर्गमीटर | 37/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 9 | सगड़ा | न.बं.421 प.ह.नं. 28/33 नया 7 खसरा नं. 8/1, 8/2, 8/3 | 41130.00 वर्गमीटर | 78/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |
| 10 | पुरवा | न.बं. 162 प.ह.नं. 33 नया 7 खसरा नं. 715 | 6847.49 वर्गमीटर | 39/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर |

उक्त प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय किये जाने के लिए तैयार योजना के अवलोकन पश्चात् सर्व संबंधितों को यदि कोई आपित्त अथवा सुझाव प्रस्तुत करना है, तो वह नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय कालोनी सेल कक्ष क्रमांक-5 में इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है तथा प्रश्नाधीन कालोनी के संबंध में तैयार कराई गई सर्वेक्षण रिपोर्ट (अभिन्यास) एवं उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन भी किया जा सकता है। आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में यथा प्रकाशित रूप में अंतिम मान्य किया जा सकेगा।

**अपर आयुक्त, हेतु सक्षम प्राधिकारी/आयुक्त, नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./ज.वि.प्रा./भू-अर्बन/2023/44 — जबलपुर दिनांक 15.05.2023

**प्रारूप अठारह**
**नियम 19 (5) देखिए**
**धारा 50 की उप-धारा (3) के अधीन प्रारूप नगर विकास स्कीम की घोषणा हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रारूप नगर विकास स्कीम क्रमांक TDS-05/JBP/2022 तथा ग्राम महाराजपुर, हथना एवं खैरी तैयार की गई है तथा मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 50 की उप-धारा (3) के अधीन सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि इसके नियम 19 के उप-नियम (6) के अनुसार उपरोक्त की प्रतिलिपि निरीक्षण हेतु कार्यालयीन अवधि में निम्नलिखित कार्यालयों में उपलब्ध है :-

1. जबलपुर विकास प्राधिकरण 7 ए सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर
2. नगर तथा ग्राम निवेश जिला जबलपुर ब्लाक क्रमांक 15, सिविक सेंटर, मढ़ाताल , जबलपुर

तथा प्राधिकरण की वेबसाईट jdajabalpur.org पर भी उपलब्ध है।

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर, जो नगर विकास स्कीम के प्रारूप से प्रभावित किसी व्यक्ति से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में, मध्यप्रदेश राजपत्र में इस सूचना के प्रकाशन दिनांक 19.05.2023 से तीस दिवस के भीतर प्राप्त होती है, पर विचार किया जाएगा।

**मुख्य कार्यपालिक अधिकारी, जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

## युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

# मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना को मिला मंत्रिपरिषद का अनुमोदन

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज का दिन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। राज्य सरकार रोजगार के लिए अनेकों प्रयास कर रही है, एक लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। स्व-रोजगार के हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। प्रतिमाह रोजगार दिवस किया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि युवाओं को बेरोजगार नहीं रहने देंगे। इस उद्देश्य से युवाओं को रोजगार के लिए कौशल सिखाने नई योजना लागू की जा रही है। युवाओं को कौशल सीखने के साथ भुगतान भी किया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण के लिए कंपनियों और सर्विस सेक्टर को जोड़ा जाएगा। बेरोजगारी भत्ता बेमानी है। नई योजना, युवाओं में क्षमता संवर्धन कर उन्हें पंख देने की योजना है, जिससे वे खुले आसमान में ऊँची उड़ान भर सकें और उन्हें रोजगार, प्रगति और विकास के नित नए अवसर मिलें। योजना में युवाओं को प्रशिक्षण देने वाले प्रतिष्ठानों का पंजीयन 7 जून से और काम सीखने के इच्छुक युवाओं का पंजीयन 15 जून से शुरू होगा और प्लेसमेंट 15 जुलाई से आरंभ होगा। कार्य सीखाने वाले प्रतिष्ठान और राज्य शासन के बीच 31 जुलाई से अनुबंध की कार्यवाही होगी। एक अगस्त से युवा, कार्य आरंभ कर देंगे। यह क्रांतिकारी योजना युवाओं को बैसाखी पर चलना नहीं, अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाएगी। कार्य से सीखने की अवधि में युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास स्थित कार्यालय भवन समत्व में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-



परिषद की बैठक वंदे-मातरम गान से आरंभ हुई। बैठक में युवाओं के लिए योजना का प्रस्तुतिकरण हुआ और मंत्रि-परिषद ने योजना को अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना का नाम च्मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजनाज्होगा।

### *18 से 29 वर्ष के युवा होंगे पात्र*

योजना में कम से कम एक लाख युवाओं को प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी, 18 से 29 वर्ष के युवा, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा आईटीआई या उच्च है, वे योजना में पात्र होंगे। प्रशिक्षण के बाद मध्य प्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (स्क्क्स्स्ष्ठश्वत्नक्क) द्वारा स्टेट कॉउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (स्ष्टङ्क्ञ्ज) का प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। योजना से युवाओं को प्रशिक्षण के साथ स्टाइपेंड मिलेगा, कौशल उन्नयन से उनके रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और कमाई का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा।

### *8 से 10 हजार रूपए तक होगा स्टाइपेंड

प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि योजना से देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित औद्योगिक तथा निजी संस्थानों को जो?ा जाएगा। प्रतिष्ठान के पास पैन नंबर और जीएसटी पंजीयन होना आवश्यक होगा। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्यबल के 15 प्रतिशत की संख्या तक छात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दे सकेंगे। योजना में 12वीं उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को 8 हजार रूपए, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500 रूपए, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रूपए और स्नातक उत्तीर्ण या उच्च शैक्षणिक योग्यता वालों को 10 हजार रूपए प्रतिमाह स्टाइपेंट दिया जाएगा। स्टाइपेंड की 75 प्रतिशत राशि राज्य शासन की ओर से प्रशिक्षणार्थी को डीबीटी से भुगतान की जायेगी। संबंधी प्रतिष्ठान को निर्धारित न्यूनतम स्टाइपेंड की 25 प्रतिशत राशि प्रशिक्षणार्थी के बैंक खाते में जमा करानी होगी।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति करेगी योजना का संचालन

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति द्वारा योजना का संचालन किया जाएगा। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### *योजना में प्रशिक्षण के लिए 703 कार्य क्षेत्र चिन्हित*

योजना में प्रशिक्षण के लिए 703 कार्य-क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। इसमें विनिर्माण क्षेत्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, प्रबंधन, मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म, ट्रेवल, अस्पताल, रेलवे, आई.टी. सेक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकिंग, बीमा, लेखा, चार्टर्ड एकाउंटेंट और अन्य वित्तीय सेवाओं से जु? प्रतिष्ठानों को जो?ा जाएगा। मीडिया, कला, कानूनी और विधि सेवाएँ, शिक्षा-प्रशिक्षण तथा सेवा क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठान भी योजना में सम्मिलित होंगे। योजना से प्रशिक्षणार्थियों को उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक और प्रक्रियाओं में दक्षता प्राप्त होगी, जिससे उनके नियमित रोजगार के अवसर ब?ेंगे। योजना से प्रमुख प्रतिष्ठानों को जोड़ने के लिए पुणे, बैंगलुरू और नोएडा में कार्यशालाएँ की जाएंगी। साथ ही प्रदेश में युवाओं को योजना की जानकारी देने के उद्देश्य से संभाग और जिला स्तर पर गतिविधियाँ संचालित होंगी।



# स्टेशन के निकास द्वार पर पहरा बिठाकर चलाया चेकिंग अभियान

■ भोपाल, यशभारत।

**150 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा**

भोपाल रेलवे स्टेशन पर बुधवार को बाहर निकलने के सारे रास्ते बंद कर टिकट चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे 150 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनके पास यात्रा का टिकट नहीं था। इन यात्रियों से 96 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रश्मि बघेल एवं सौरभ कटारिया के नेतृत्व में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त (रेल सुरक्षा बल) दिग्विजय सिंह की संयुक्त निगरानी में 25 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ स्टाफ के सहयोग से स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सके। इस दौरान यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने की समझाइश दी गई। बिना बुक किये तय सीमा से अधिक सामान लेकर यात्रा करने वाले लोगों से भी जुर्माना राशि ली गई। ऐसे 229 मामलों से रेलवे को कुल रुपये एक लाख 35 हजार 350 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# जल संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण में मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

## प्रदेश को ट्राफी, प्रशस्ति-पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित

■ भोपाल, यशभारत।

जल संसाधन के बेहतर उपयोग, जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय ने मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में प्रथम स्थान के लिए चुना है। पुरस्कार वितरण समारोह शीघ्र ही होगा, जिसमें प्रदेश को ट्राफी, प्रशस्ति-पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की जनता, जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को बधाई दी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरचनाओं का संरक्षण, संवर्धन एवं उचित प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण घटक है। यह गौरव की बात है कि समूचा मध्य प्रदेश इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास कर रहा है, यह सम्मान प्रदेश की इसी सोच का प्रमाण है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में जल जीवन मिशन एवं जल शक्ति अभियान की उपलब्धि, जल-संसाधन के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास, पानी की नीति, सिंचाई के लिए माइक्रो इरीगेशन तकनीकी का प्रयोग, नई माइक्रो इरीगेशन परियोजनाओं का क्रियान्वयन, जल उपयोग की दक्षता (एफीशिएंसी), जल-संरचनाओं का पुनरुद्धार, सीवेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट पानी को उपचारित कर पुनः उपयोग आदि क्षेत्रों में प्रयासों एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन किया जाता है।

### 11 श्रेणियों में दिया जाता है पुरस्कार

चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार अंतर्गत राज्यों, संगठनों और व्यक्तियों को 11 विभिन्न श्रेणियों (सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, मीडिया, स्कूल, संस्थान श्रेणी में आरडब्ल्यूए/धार्मिक/उच्च शिक्षण संस्थान, इंडस्ट्री, एनजीओ, वाटर यूजर एसोसिएशन और सीएसआर गतिविधि में उद्योग की श्रेणी में पुरस्कृत किया जा रहा है।

# एक करोड़ सात लाख महिलाओं के बैंक खाते संबद्ध, 10 जून को जमा होगी राशि

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक एक करोड़ सात लाख से अधिक महिलाएं पात्र हो चुकी हैं। उनके बैंक खाते डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए संबद्ध कर दिए गए हैं। जबकि 18 लाख से अधिक महिलाओं के खातों को 30 मई तक डीबीटी के लिए संबद्ध कर दिया जाएगा। हालांकि 10 हजार से अधिक महिलाओं के आवेदन पर आपत्तियां आई हैं। जिनका निराकरण भी इस अवधि में किया जाएगा। 10 जून को इन खातों में पहली बार योजना के एक हजार रुपये जमा कराए जाएंगे। प्रदेश में 25 मार्च से 30 अप्रैल तक योजना के तहत एक करोड़ 25 लाख 23 हजार 437 आवेदन जमा कराए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी महिला को बैंक स्तर पर कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, उन्हें बैंक न आना पड़े, यह प्रयास करें।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर व्यूहरचना शुरू की

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव की तर्ज पर व्यूहरचना शुरू कर दी है। तोड़ निकालने के बजाए भाजपा उनके चक्रव्यूह में फंसती नजर आ रही है। मनोवैज्ञानिक दबाव में सरकार तात्कालिक निर्णय तो कर लेती है, लेकिन हवा का रुख मोड़ने के लिए उपलब्धियां सामने रखने में चूक जाती है, खासतौर से पार्टी के नेता अपनी उपलब्धियों को आक्रामकता के साथ रख नहीं पा रहे हैं। नारी सम्मान योजना के साथ कांग्रेस की आक्रामकता के सामने जवाब देने की जगह भाजपा बचाव की मुद्रा में है। सस्ती बिजली, 500 रुपये में सिलेंडर, पुरानी पेंशन लागू करने का कांग्रेस का वादा हो या कर्जमाफी और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को 27 प्रतिशत आरक्षण जैसे मुद्दे हों, कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार को घेर रही है।ये हालत तब है जब शिवराज सरकार के खाते में लाड़ली लक्ष्मी योजना, मेधावी विद्यार्थी योजना, शहरी



विकास, औद्योगिकीकरण, गांव तक सड़कों के जाल सहित समाज कल्याण की कई योजनाएं और उपलब्धियां हैं। अपने चौथे कार्यकाल में शिवराज नई सोच के साथ आए हैं, जिसका असर औद्योगिक क्षेत्रों में दिख रहा है, लेकिन इन उपलब्धियों का जिक्र न होना भाजपा की कमजोरी तो कांग्रेस की ताकत बन रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने 500 रुपये में सिलेंडर और नारी सम्मान योजना जैसी घोषणाओं पर घेरा तो भाजपा ने दबाव में आकर इसका विरोध शुरू कर दिया। इसे लोक लुभावन घोषणाएं बताकर वीडियो जारी कर दिए कि कांग्रेस को अपने आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, समग्र आइडी न दें।कमल नाथ के चक्रव्यूह में उलझी सरकार महिलाओं, युवाओं और किसानों के एक वर्ग को खुश करने में लगी है, तो दूसरे वर्ग की नाराजगी का जोखिम भी है। भाजपा के आरोप हैं कि कमल नाथ की कांग्रेस सरकार ने पिछली बार बेरोजगारी भत्ते की बात कही थी, लेकिन भत्ता नहीं दिया।

# गौरव दिवस पर बिट्टन मार्केट मैदान में लगेगा सात दिवसीय फूड फेस्टिवल मेला

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल गौरव दिवस के अवसर पर बिट्टन मार्केट सात दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खरीदारी करने पर व्यापारियों द्वारा ग्राहकों को 25 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर महापौर मालती राय, कलेक्टर आशीष सिंह ने व्यापारी एसोसिएशन के साथ बैठक की। कलेक्टर आशीष सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी और कहा कि भोपाल का गौरव आम जनता का गौरव दिवस है। इसमें आम जनता की भावनाओं और उत्साह का प्रकटीकरण होना चाहिए।महापौर मालती राय ने कहा कि आप सभी व्यापारी एसोसिएशन होटल एसोसिएशन और होटल संचालकों को आगे आकर उत्सव को महोत्सव में बनाना है। इसके लिए आम जनता की सहभागिता बहुत जरूरी है। आम जनता से जितना व्यापारी जुड़ा हुआ है, उतना कोई और नहीं। यह सुनिश्चित हो कि सबको गौरव दिवस की जानकारी रहे। इससे आम जनता में उत्साह का संचार भी होगा।



# अपने रिश्तेदारों का भी मतांतरण कराना चाहता था एचयूटी का मास्टर माइंड

■ भोपाल, यशभारत।

देश विरोधी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) का मास्टर माइंड मो.सलीम उर्फ सौरभ राजवैद्य अपने रिश्तेदारों का भी मतांतरण कराना चाहता था। उसने अपने एक भांजे को बरगलाकर मतांतरण के लिए लगभग तैयार भी कर लिया था।इस बीच प्रदेश में धार्मिक स्वतंत्रता कानून बनने के कारण वह मतांतरण नहीं कर पाया। सलीम अपनी मां और चार बहनों को भी हिंदू विरोधी और देश विरोधी बातें कहकर बरगला रहा था। भोपाल का रहने वाला सौरभ 2014 में घर छोड़कर चला गया था। इसके बाद वह मतांतरण कर सलीम बन गया। वह जाकिर नाइक से बहुत प्रभावित रहा है।सौरभ के पिता अशोक राजवैद्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि रक्षाबंधन पर राखी नहीं बंधवाने से बहनें भी उससे नाराज थीं। वह उनसे भी बहस करता था। इस्लाम को श्रेष्ठ बताने के लिए कई तर्क देता था।मां और चारों बहनों को उसने खूब समझाने की कोशिश की पर सफल नहीं हो पाया। हां, पत्नी उसके साथ ही मतांतरित होकर मुस्लिम बन गई थी। बता दें कि मतांतरित होकर सलीम उर्फ सौरभ हैदराबाद में रह रहा था। वह एक मेडिकल कालेज में डिमांस्ट्रेटर के पद पर था। वहां पर एचयूटी से लोगों को जोड़ने के लिए काम कर रहा था।

# पुलिस अस्पताल के डाक्टर के घर से चार लाख के जेवर चुराने वाली महिला सीसीटीवी में कैद

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के टीटी नगर के 45 बंगले इलाके में रहने वाले पुलिस अस्पताल के डाक्टर अरविंद यादव के घर से चार लाख का सामान चुराने वाली महिला सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस उसकी तलाश में लगी है। वारदात करने के उसके तरीके ने पुलिस के होश उड़ा दिए हैं। वह घर में अकेली महिला और बच्चों को झांसे में लेकर घर में घुस जाती है और कीमती सामान पर हाथ साफ कर फरार हो जाती है। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग माध्यमों पर उसके फुटेज जारी कर मदद मांगी है।बता दें कि यह शातिर महिला जब डा अरविंद यादव के घर पर पहुंची तो उस समय घर पर उनके बच्चे ही थे। उनको बातों में फंसाकर घर से सोने और चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच की तो एक स्थान पर महिला सीसीटीवी फुटेज में नजर आ गई। उसके बाद से भी वह एक दो वारदात कर चुकी है। महिला बेहद शातिर है। वह 60 साल के करीब नजर आती है। वह अपने साथ एक बैग, पालीथीन व लाल कापी और डायरी रखती है। वह देवी के भंडारा करने के नाम पर चंदा जमा करने घरों पर आती है। उस

# गृहमंत्री नरोत्तम के निर्देश पर पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के परियोजना यंत्री जनार्दन निलंबित

■ भोपाल, यशभारत।

पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के परियोजना यंत्री जनार्दन सिंह को निलंबित करने के आदेश गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने गुरुवार को दे दिए। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त की बर्खास्त संविदा सहायक इंजीनियर हेमा मीणा के साथ जनार्टन सिंह की साठगांठ सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। इस मामले में आने वाले समय में और भी नए राजफाश हो सकते हैं। इधर, लोकायुक्त ने जर्नादन सिंह पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हम बता दें कि 11 मई को सुबह छह बजे लोकायुक्त ने बिलखिरिया इलाके में पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की प्रभारी सहायक इंजीनियर (संविदा) हेमा मीणा के फार्महाउस पर छापा मारा था। जहां से लोकायुक्त ने शुरुआत में सात करोड़ की संपत्ति मिलने का दावा किया है। संपत्तियों के मूल्यांकन काम किया जा रहा है। इधर जांच में पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के परियोजना यंत्री जनार्दन सिंह का नाम सामने आने के बाद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने उनको निलंबित करने का निर्देश जारी कर दिए हैं। अब इस मामले में सवाल खड़े हो रहे हैं कि लोकायुक्त में इस मामले में पहले से शिकायत की थी। लोकायुक्त पुलिस उसकी जांच भी कर रही थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही थी। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर जनार्दन पर किसका हाथ था।



### सालों से तैनात हैं जनार्दन सिंह

जनार्दन सिंह पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में सालों से तैनात रहे हैं। कई बार उनको हटाने के निर्देश आए, लेकिन वह हर बार बच गए। गृहमंत्री के इस मामले में बोलने के बाद अब लोकायुक्त ने जनार्दन सिंह की जांच का दायरा भी बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि लोकायुक्त टीम उनके घर पर भी दबिश दे सकती है।

# बुलेट और आटो की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत

भोपाल, ईएमएस। शहर के अरेरा हिल्स इलाके में एक बुलेट और ई-आटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 22 साल के आटो चालक युवक की मौत हो गई। वहीं बुलेट सवार भी घायल हो गया। मृतक आटो चालक की अगले महीने ही शादी होने वाली थी।एसआइ संजय कुमार सिंह ने बताया कि मोमिनपुरा का रहना वाला आसिफ (22) पुत्र मोहम्मद अनीस कुरैशी अपने दोस्त इरशाद के साथ मंगलवार शाम 7-30 बजे जेपी अस्पताल से जिंसी की तरफ बालू-सीमेंट ढोने वाली ट्राली बैटरी रिक्शे पर लेकर जा रहा था, तभी रेडक्रास अस्पताल के पास सामने से आ रही बुलेट से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में आसिफ के दोनों पैर, सिर और मुंह में गंभीर चोट आई थी। आसपास के लोगों ने आसिफ को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया।

# खुद कहानियां बनाकर नाटक मंचन का हुनर सीख रहे बच्चे, मंच पर जल्द दिखाएंगे प्रतिभा

■ भोपाल, यशभारत।

नीलबड़ में स्थित कोपल स्कूल में द राइजिंग सोसायटी आफ आर्ट एंड कल्चर संस्?था द्वारा निश्शुल्क नाट्य कार्यशाला आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चे खुद कहानियां बनाकर उन्हें इंप्रोवाइज रहे हैं और खुद ही कैरेक्टर बन रहे हैं। इससे बच्चों की प्रतिभा को नया आयाम मिल रहा है। कहानियां ढूंढ कर ला रहे अपने आसपड़ोस की, अपने दोस्तों की परिवार की अपने मोहल्ले की अपने देश की। बच्चों की अपनी दृष्टि है कि उन्हें कैसी दुनिया चाहिए, उन्हें क्या अच्छा लगता है क्या नहीं लगता और क्यों। ये सब वो खुद बता भी रहे हैं और अपने अभिनय के माध्यम से दिखा भी रहे हैं। कार्यशाला में बच्चों को स्टोरी टेलिंग का हुनर भी सिखाया जा रहा है। असल में कहानी कहने से या इस प्रोसेस से बच्चे अपनी बात को सही तरीके से और बेझिझक कह पाएंगे अपने टीचर से अपने दोस्तों से अपने परिवार से। कई बार ऐसा होता है कि बच्चे किसी बात से भीतर ही भीतर डर से जाते हैं और किसी को कुछ नहीं बताते, या उनके पास कुछ करने का आइडिया है पर वो अपने आप को अभिव्यक्त नहीं कर पाते दूसरों के सामने। लेकिन जब हम दूसरों के सामने अभिनय करते हैं, अपने संवाद को समझ कर बोलते हैं तो धीरे-धीरे वो डर हमारे भीतर से गायब हो जाता है। इस प्रकार बच्चे अपने को अभिव्यक्त करना सीख रहे हैं। कार्यशाला का मार्गदर्शन निर्देशिका प्रीति झा व तानाजी कर रहें हैं, सहायक हैं संदीप पाटिल। पहले दिन बच्चों का काफिडेंस बूस्ट करने के लिए कुछ रंगमंचीय गेम्स खिला कर शुभारंभ किया गया था।

## क्रूज बोट पर पहली बार दिखा पंजा कुश्ती का रोमांच

# दर्शकों ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह

**बोट क्लब की सुनहरी शाम और क्रूज बोट पर पंजा कुश्ती का दखखम दिखाते खिलाड़ी। मौका रहा प्रो पंजा कुश्ती लीग का, जिसका आयोजन पहली बार भोपाल की सुनहरी वादियों के बीच किया गया। इसमें खासकर मप्र के दिव्यांग पहलवानों के अलावा सामान्य खिलाड़ियों ने भी अपने बाजुओं का दम दिखाया। इसमें सात जोड़ीदार पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। बता दें कि प्रो पंजा लीग की आनर और अभिनेत्री प्रीति झंगियानी और उनके पति अभिनेता प्रवीण डबास प्रमोशन के लिए बोट क्लब पर पहुंचे थे। साथ ही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।**



■ भोपाल, यशभारत।

इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी रही। दर्शकों ने प्रतिभागियों का खूब उत्साह बढ़ाया। लीग में ग्वालियर के सात खिलाड़ी जीते। वहीं भोपाल के शाकिब खान भी अपनी चमके बिखेरने में सफल रहे। विजेताओं को 10-10 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया।

ये रहे विजेता

सचिन गोयल (ग्वालियर) विरुद्ध आकाश कुमार (आगरा)जोगेंद्र यादव (ग्वालियर) विरुद्ध मुजाहिद शेख (देवास)समीर खान (भोपाल) विरुद्ध विक्रम शेखावत (इंदौर) सोनू चौरसिया (ग्वालियर) विरुद्ध अफजल (भोपाल)पूजा भदौरिया (ग्वालियर) विरुद्ध आशा कुमारी (ग्वालियर)मनीष कुमार (ग्वालियर) विरुद्ध मेहबूब खान (भोपाल) अरविंद जाट (ग्वालियर) विरुद्ध सुजीत माहौर (ग्वालियर)सचिन तोमर (ग्वालियर) विरुद्ध शाद खान (उज्जैन)

### वर्ल्ड चैंपियनशिप मनीष ने भी दिखाया दम

इस लीग में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग पंजा कुश्ती पहलवान मनीष कुमार ने भी दमखम दिखाया। वे विश्व चैंपियन हैं। वे इस बड़ी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी भी हैं। 2015 मलेशिया में हुई चैंपियनशिप में उन्होंने यह पदक जीता था। उन्होंने अपने करियर में 20 स्वर्ण पदक जीते हैं।

### ये पंजा कुश्ती के नियम

-पंजा कुश्ती में जितना अहम रोल हाथ का होता है, उतना ही पैरों का भी। इसमें एक पैर जमीन पर टच होना जरूरी है।अगर दोनों पैर हवा में हैं तो यह फाउल है।-हार-जीत का फैसला हाथ के टेबल पर टच होने से ही नहीं होता, अगर दो बार फाउल हो जाए और डिसक्वालीफाई करके भी सामने वाले को हराया जा सकता है। -ग्रिप का भी अहम रोल होता है। रेफरी देखता है कि दोनों खिलाड़ी किसी तरह की ग्रिप तो नहीं बना रहे। अगर ग्रिप बनाई है तो यह फाउल है।-वेट कैटेगरी इसमें अहम है। हर खिलाड़ी का वेट के हिसाब से मुकाबला होता है। इसमें 60 किलो, 70 किलो, 80 किलो, 90, 100 या इससे अधिक किलो की कैटेगरी हैं।-मुकाबले के एक दिन पहले वजन होते हैं। कैटेगरी में खिलाड़ी को बांटा जाता है।-सामान्य खिलाड़ियों के लिए सामान्य कैटेगरी है। जबकि दिव्यांगों की अलग।

### कांग्रेस जनों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# नगर विकास में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी : चौबे

**सिहोरा, यशभारत।** वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद राजेश चौबे के साथ दर्जनों कांग्रेस पदाधिकारियों पार्षदों ब्लाक अध्यक्ष ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है खितौला बारी बहू स्टेडियम के मुरमी करण,मारथोमा स्कूल के पास जमे शहर के पानी की निकासी की व्यवस्था, खितौला में नगर पालिका का उप कार्यालय खोलने,वार्ड 13 में विधायक निधि से बनने वाली सड़कों का निमार्ण कार्य प्रारंभ कराने, संजीवनी क्लीनिक खोलने,रेलवे फाटक से खितौला तिराहे तक बनने वाले नाले का निर्माण कार्य प्रारंभ करने, नर्मदा नल जल योजना के लिए खोदी गई सड़कों का निर्माण कराने,नगर पालिका बाजार बसूली का ठेका कराने एंव अवैध बसूली तत्काल रोकने, बिना टी एस टेंडर के बन रही दुकानों मझौली बायपास में बन रहे नाले एंव डिवाइडर वाली सड़क की गुणवत्ता की जांच हेतु कमेटी बनाने,नगर पालिका में कितने लोगों की भर्ती किस नियम के तहत की गई इसकी जानकारी सभी पार्षदों को उपलब्ध कराई जाये,हर वार्ड में कितने विकास के काम हुए हैं उसकी सूची एंव टेंडर की कापी सभी पार्षदों को उपलब्ध कराई जाये,दानव बाबा जाने वाले रास्ते का फोर लेन की साइड रोड तक तक रोड निर्माण एंव पहाड़ी के



किनारे सी सी वाल का निर्माण, शहर में बन रहे पहले बड़े उद्यान का कार्य कछुआ गति से चल रहा है उसे शीघ्र पूरा कराया जाने सहित अनेक मांगे शामिल हैं। चौबे ने इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री,नगरीय प्रशासन मंत्री, कलेक्टर जबलपुर, एसडीएम को भी भेजी है। चौबे ने कहा नगर मे चल रहें विकास कार्यो में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी यह शहर सबका है इसलिए हर कार्य नियम से और गुणवत्ता के साथ ही होना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद कल्पना आलोक पांडे, माधुरी गणेश दाहिया, ममता गोटिया, ब्लाक अध्यक्ष बिहारी पटेल, प्रवीण पाठक, घनश्याम बडगैया, मुन्नू दीक्षित,अमोल चौरसिया, बाबा कुरैशी, मंसूर मंसूर, डब्बू पाठक, जगदीश सैनी, शंकर वंशकार,शंभू गोटिया, मनीष खम्परिया,ओम नारायण श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव,सोनू त्रिपाठी,पप्पू भाईजान सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पुत्र की निर्मम हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग पिता ने दिया पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन



**पाटन, यशभारत।** शहपुरा तहसील मुख्यालय के ग्राम हरदुआ माला निवासी पदम सिंह ठाकुर ने पुलिस महानिरीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि 21 अप्रैल 2023 को इनके पुत्र दस्सु उर्फ यशवंत की पिपरिया कटीला मार्ग पर 15 से 20 लोगों ने एक साथ मिलकर बड़ी ही बेरहमी से हत्या कर दी थी। स्व. दस्सु उर्फ यशवंत के पिता पदम सिंह ने अपने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गाँव के संतोष लोधी उर्फ बब्बा ने मेरे पुत्र दस्सु को फोन कर बुलाया उसी समय 15 से 20 लोगों ने एक साथ मिलकर लाठी डंडा और रॉड से मेरे पुत्र को बेरहमी से पीटा और जान ले ली। पुत्र की हत्या की सूचना मुझे गाँव के ही जितेन्द्र, रामप्रताप व महेन्द्र ने दी। आवेदक ने बताया किं घटना इतनी बड़ी थी कि लहू लुहान अचेत अवस्था में पड़े पुत्र को अस्पताल ले जाने की जल्दबाजी में पुलिस को सूचित नहीं कर पाये। थाना बेलखेड़ा पुलिस ने जितेन्द्र सिंह के द्वारा प्रथम सूचना के आधार पर 6 आरोपियों के नाम चिहिन्त किये। जो इस प्रकार हैं- 1. कृष्णा सिंह, 2. गोलू सिंह 3. पुस्सु सिंह, 4. संतोष सिंह, 5. राजेन्द्र सिंह, 6. सुरेन्द्र सिंह उक्त सभी आरोपियों के पिता का नाम नामालूम है। ये सभी आरोपीगण ग्राम पिपरियाकला तह. शहपुरा के निवासी हैं जिनकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। बेलखेड़ा पुलिस ने उक्त घटना की रिपोर्ट अपराध क्रं. 119/2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है। जिसकी विवेचना जारी है।आवेदक पदम सिंह ने पुलिस महानिरीक्षक से अपने आवेदन में बताया कि इन छः आरोपियों के अलावा पुत्र की निर्मम हत्या में पिपरिया कला के कृष्णा सिंह, दीपेश सिंह पिता विंदा सिंह, अभय सिंह पिता गोविन्द सिंह. गोपाल सिंह पिता लोचन सिंह, गनपत सिंह पिता टिल्लू सिंह, जिन्नू सिंह पिता मुन्ना, विशाल सिंह पिता पक्कू, नीरज सिंह पिता भारत तथा देवेन्द्र सिंह पिता गुलाब सिंह भी शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर मेरे पुत्र कीनिर्मम हत्या की है। और उसे बुरी तरह से लहू लुहान कर मौत के घाट उतारा है। पिता ने पुलिस महानिरीक्षक से बताया कि इन सभी के नामों की जानकारी मुझे मेरे पुत्र के साथ मौजूद रहे गाँव के ही जितेन्द्र सिंह, रामप्रताप सिंह, महेन्द्र सिंह ने दी थी। ये आरोपी अभी फरार हैं। आवेदक पदम सिंह ने बताया कि मैं एक सरकारी शिक्षक हूँ। मुझे व मेरे परिवार को यह डर भय है कि उक्त यह सभी आरोपी कोई बड़ा षड़यंत्र कर मेरे परिवार को बड़ी हानि पहुँचा सकते हैं।अपने आवेदन में पिता ने यह भी बताया कि यह सभी इस बड़ी घटना में लिप्त आरोपी थाना बेलखेडा पुलिस के ऊपर राजनैतिक दबाव डाल रहे हैं तथा उनके मुताविक कार्यवाही करने का दबाव बना रहे हैं। मेरे परिवार के सदस्यों को जान से मारने की भी धमकियाँ दी जा रही हैं। इन आरोपियों के नाते रिश्तेदार एस.डी.ओ.पी. तथा पुलिस अधीक्षक महोदय के यहाँ भी आवेदन लगा चुके हैं कि यह केस बेलखेडा पुलिस से किसी और थाने में ट्रांसफर कर दिया जाये ।आवेदक ने यह भी बताया कि बेलखेड़ा पुलिस निष्पक्षता से जांच कर रही है यदि उक्त प्रकरण की विवेचना किसी अन्य थाना प्रभारी को दी जाती है तो उक्त घटना की विवेचना निश्चित तौर पर आरोपीगण अपने मनमुताविक कर लेंगे और शेष बचे आरोपियों का नाम हटवा देंगे।ज्ञापन सौंपते हुए पदम सिंह ने कहा कि यदि यह सभी आरोपीगण अतिशीघ्र गिरफ्तार नहीं होते हैं तो सामूहिक रूप से उग्र आन्दोलन हमारे नाते रिश्तेदार और परिजनों द्वारा किया जावेगा।



## पर्यावरणविद और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि मनाई

**पाटन, यशभारत।** पर्यावरणविद और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसके तहत विभिन्न समाज सेवा के काम किए गए। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने हिरन नदी के विभिन्न तत्वों पर और आसपास के ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाय।सकरा सेक्टर के ग्राम महुआ खेड़ा में हिरण नदी के किनारे टपका आश्रम में नदी पुत्र पर्यावरण संरक्षण के प्रणेता अनिल माधव दवे की पुण्यतिथि पर किया गया स्वच्छता अभियान सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रसिद्द कुंड के साथ ही आश्रम में हरी घास साफ सफाई की गई। मध्यप्रदेश जन अभियान के इस कार्यक्रम में विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ ग्रामीणों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । जिसमे विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे परामर्श दाता रामराजा यादव नगर समिती के आशीष पांडे सबल कुमार जटवा से प्रदीप पटेल रामनारायण सिंह, कामता सेन, दिलीप श्रीवास,संकर सोनी हरदुआ मड़वा टोडर सिंग एवम् स्टूडेंट शुभम चौधरी अभिषेक यादव सम्मलित हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान समिति के अविकास खंड समन्वयक धिकारी नूपुर खरे ने अनिल माधव दवे के जीवन पर प्रकाश डालकर समाज में उनके योगदान को बताया और पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी दी।

**मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने आयोजित किया स्वच्छता अभियान**

# गौ सेवा सम्मान से सम्मानित गौसेवक

**गाडरवारा(यशभारत)** विगत दिवस गौ सेवा समिति द्वारा रायल पेलेश मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें गौ सेवकों का साल श्रीफल स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान हुआ द्य इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सभी संचालित गौशाला प्रवंधन समिति अध्यक्ष गौशाला में सेवारत पशु चिकित्सक गोसेवक सहायक क्षेत्रीय समाज सेवी गोसेवको को सम्मानित किया गया द्य सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूज्यनीय संत स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि केविनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष म. प्र गौ संवर्धन वोर्ड कार्य परिषद म.प्र शासन भोपाल, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, विनीत महेश्वरी प्रतिष्ठित उद्योगपति, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल, हरिप्रताप ममार जिला उपाध्यक्ष भाजपा, शिवाकांत मिश्रा नगर पालिका अध्यक्ष , दीपक दीक्षित जिला उपाध्यक्ष गौ संवर्धन वोर्ड जिला नरसिंहपुर ने सर्व प्रथम गौमाता पूजन अर्चन किया । गो सेवा समिति के सदस्य दीपक दीक्षित, राकेश खेमरिया, सतीष कौरव, सर्वेश शर्मा घनश्याम




शर्मा, मुकेश राजपूत, आशीष कौरव हेमंत पटेल सहित समिति सदस्यों ने गोसेवको गोपालक गौभक्त समाज बन्धुओं का सम्मान करते हुए कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस अवसर पर गौ संवर्धन बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वर आनंद जी महाराज ने कहा कि गौ माता धरती माता के रूप में सभी देवताओं का वास रहता है जिसकी सेवा से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है सनातन में गौ सेवा सर्वोपरि है जिसके संरक्षण और संवर्धन के लिए जो कार्य करता है वह गो सेवक भी सम्मान का पात्र है गौ सेवा समिति द्वारा जो सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया है वह सराहनीय है मैं हृदय से साधुवाद करता हूं और जितने भी गौ सेवक और गौशाला यहां चल रही है उन सभी के लिए यही निवेदन करता हूं गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा करें मध्यप्रदेश शासन ने करोड़ों रुपए की लागत से गौशाला में बनाई है समाज और सरकार के सहयोग से संचालित होंगी इसलिए मैं समाज से आह्वान करता हूं कि समाज ही गौशालाओं को भूसा दान श्रमदान और अर्थ दान करें, मध्यप्रदेश शासन ने एनजीओ आधारित गौशालाओं को भी अनुदान एवं जो गोपालक जैविक एवं प्राकृतिक खेती गोवंश आधारित खेती करेंगे उन गो पालकों को 900 प्रति माह मध्यप्रदेश शासन देगी श्रीमति साधना स्थापक ने कहां की गाय गंगा गायत्री गीता संस्कृति का आधार है हमारे ऋषि-मुनियों ने आधारित कृषि एवं कृषि पद्धति से प्राकृतिक जीवन शैली विकसित की थी जिसके कारण हजारों वर्षो से हम अपनी खेती को जहर मुक्त रख सके ,गाय ही खेती को प्राकृतिक और जैविक बनाने का सामर्थ रखते हैं कार्यक्रम में अनेकों गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही जिसमें जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा संघ के वरिष्ठ बसंत जोशी, नागेन्द्र त्रिपाठी, रामशंकर वमनौतिया, श्रीमती स्मिता दांडे, राम मोहन रघुवंशी, विजय मालपानी, मुकेश मरैया, रामदास कौरव, रमाकांत शर्मा, चंद्रकांत शर्मा, राजीव जैन, रमाकांत शुक्ला, साहब सिंह लोधी, राजेंद्र शर्मा, रघुराज चौधरी, मनोज दुबे आदि की उपस्थिति रही कार्यक्रम संचालन राकेश खेमरिया ने किया आभार सतीष कौरव ने किया ।

## संसार का सुख क्षणिक होता है- मुनिश्री प्रणम्पसागर जी महाराज



**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** शहपुरा स्थाई , अमिट और शास्वत सुख की प्राप्ति मोक्ष जाने पर ही मिलती है। संसार में मिलने वाले सुख क्षणिक होते हैं। जिनका कोई ठिकाना नहीं रहता कि कब वह छूट जाएं। और शास्वत सुख की प्राप्ति पाने के लिए सांसारिक भोग उपयोग के सुखों से विरमित होना आवश्यक है। विषय भोग के छूटने से निःकंचित भाव की प्राप्ति होती है। यह निःकंचित् भाव ही आपके शास्वत सुख की ओर ले जाता है। मोक्ष का सुख त्रियलोकिक सुख है और सांस्कारिक सुख तत्कालित होता है। जैसे- गरमी लगती है तो कूलर की हवा थोड़ा सुख देती है किंतु शीतकाल में वही कष्ठदायक हो जाती है। मोक्ष सुख की प्राप्ति के लिए विषय भोगों को छोड़ना ही पड़ेगा। यदि आप चाहो कि विषय भोग में लगे रहे और मोक्ष मिल जाए तो यह संभव नहीं है। उक्त उद्?गार अरहम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज% मे प्रवचन देते हुए व्यक्त किये। उन्होंने आगे ÷ दोउ काम नहीं होह सयाने÷ विषय भोग और मोक्ष हूँ जाने ।÷ यदि मोक्ष को पाना है तो सांसारिक क्षणिक सुखों से विरक्त होना चाहिए। यह दोनों काम एक साथ संभव नहीं होते हैं।उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा मैं व्यक्त किए ।ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8~30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है ।

## एन टी पी सी में स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ जनजागृति के लिए निकाली रैली व दिलाई स्वच्छता शपथ




**गाडरवारा(यशभारत)** एनटीपीसी गाडरवारा में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ प्रोबल मंडल, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा ग्राम चोरबरेठा में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता जागरूकता रैली में एनटीपीसी कर्मचारियों द्वारा भारी संख्या में प्रतिभागिता कर स्वच्छता संदेश जन जन तक पाहुचाया गया।इस अवसर पर प्रोबल मंडल द्वारा सभी एनटीपीसी कर्मचारियों, सीआईएसएफ़ कर्मियों एवं सविंदा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गयी । इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2023 तक एनटीपीसी गाडरवारा में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एनटीपीसी कर्मचारियों, बच्चों, गृहिणियों, संविदा कर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान का आयोजन प्रस्तावित है।

## धूमधाम के साथ मनाया गया कृष्ण जन्म उत्सव



**कटंगी** , भगवान राम और श्री कृष्ण दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं लेकिन भगवान राम ने कभी इस बात को नहीं जताया कि उनमें ईश्वरीय शक्ति है। राम ने सामान्य मनुष्य की भांति पत्नी के विरह में आंसू बहाए, पत्नी के वियोग में भूमि पर सोए। दूत भेजकर शत्रु की ताकत का अंदाजा लगाया। लेकिन श्री कृष्ण ने समय-समय अद्भुत लीला दिखाकर लोगों को विश्वास दिलाया कि वह सोलह कलाओं से संपन्न मानव नहीं महामानव विष्णु के अवतार हैं उक्त उद्गार कटंगी के समीप कुसली ग्राम में स्वर्गीय रविंद्र सिंह राजपूत की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास पंडित रमेश प्रसाद कुरेरिया द्वारा व्यक्त किए गए इसके पूर्व व्यासपीठ का पूजन कथा के मुख्य यजमान नीलेंद्र सिंह राजपूत ( भाई साब )एवं आस्था राजपूत सहित जसपाल सिंह प्रकाश सिंह राजपाल सिंह सुधांशु सिंह द्वारा किया गया कथा व्यास द्वारा भागवत कथा के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव को हमेशा उस परम ब्रह्म परमेश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए जिसने हमको यह मानव तन दिया है कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया इसी तरह से कथा व्यास ने अनेक प्रसंगों पर उपस्थित जन समुदाय के समक्ष प्रकाश डालते हुए अपनी वाणी को विराम दिया।

## भगवान शांतिनाथ जी के महा मस्तकाभिषेक उमड़ी भीड़

### नगर में निकली श्री जी की शोभायात्रा



**पनागर, यशभारत।** नगर में देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान के जन्म, तप, एवं मोक्ष कल्याणक बड़ी धूमधाम एवं भक्ति भाव के साथ मनाया इस पावन पर्व के अवसर पर प्रातः 7 बजे से श्री जी की पालकी बिहार संपूर्ण नगर में शोभा यात्रा मंगल दीपों के साथ निकाली गई। जो बाजार जैन मंदिर से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए बड़े जैन मंदिर में पहुँची तत्पश्चात बड़े जैन मंदिर में बड़े बाबा मूलनायक अतिशयकारी श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया इस अवसर पर लाडू-चढ़ाएँ गए और मंगल भजन एवं गीतो से भव्य आरती की गई। इस महोत्सव में सांगानेर से पधारे बीरेन्द्र एवं आदर्श भैया जी के गरा शांतिधारा एवं मंगल पूजन कराई गई। कार्यक्रम में प्रबंधकारणी अध्यक्ष राजेश जैन पंपी , मंत्री अभिनंदन चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीता आनंद जैन मिंचू, विमल जैन सांसद प्रतिनिधि संजय जैन पत्रकार पदम मोदी पवन लग्जरी संजय जैन मानव मनोज चौधरी आदि सैकड़ों भक्तजन शामिल रहे श्री शांतिनाथ महिला मंडल पनागर इकाई की अध्यक्ष श्रीमति समीक्षा चौधरी, मंत्री रजनी मोदी , अंशू लसगरी आशा सिंघई द्वारा स्वल्पाहार, वितरण कराया, गया इस अवसर पर नगरवासियों के लिए मंगल कामना की।

## जंगल से हत्या कर बकरियां लूट कर ले जाने के आरोपी को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर यशभारत।** जंगल में विशाल खॉ की हत्या कर बकरिया लूट ले जाने व साक्ष्य छुपाने के मामले में आरोपी मनोज उर्फ मुल्ला पिता लालसिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी ग्राम बबरिया थाना मुंगवानी को न्यायालय अखिलेश कुमार धाकड़ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर द्वारा धारा 392, 302 एवं 201 भादवि के आरोप में दोषी पाते हुये धारा 392 में 10 साल सश्रम कारावास, 302 में आजीवन कारावास, धारा 201 में 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं कुल दो हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अन्य 7 आरोपियों को साक्ष्य के आभाव में दोषमुक्त किया गया है। दिनांक 23 सितम्बर 2019 के करीब 11 बजे मृतक विशाल खॉ पिता भद्देखान मुसलमान उम्र 65 साल का रोजाना की तरह अपनी 20 बकरियां चराने बचई के जंगल गया था शाम तक वापस नहीं आया जिसकी तलाश करने में मृतक का मोबाईल चमर तलैया वाले प्लॉट पर तथा कुछ दूरी पर भरा के पेड़ के नीचे मृतक का शव पड़ा था। गले में पीछे तरफ धारदार वस्तु से गहरी चोट थी तथा उसकी बकरियां गायब थी। प्रार्थी आजाद खान की रिपोर्ट पर थाना मुंगवानी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302 भादवि का अपराध कायम किया गया था। मामले में ग्राम बचई स्थित नोल नाका में लगे सीसीटीव्ही कैमरो की फुटेज के आधार पर संदेही मनोज उर्फमुल्ला पिता लालसिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी ग्राम बबरिया थाना मुंगवानी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ पर मृतक की बकरियॉ लूटने के उद्देश्य से अपने साथी दुर्गेश प्रजापति, गौरव उर्फ गुल्लू मेहरा, सुजीत राजपूत के साथ प्लान बनाकर मृतक की हत्या कर मृत की बकरियां अन्य सहयोगी नवीन बर्मन निवासी नरसिंहपुर, सोनू रैकवार, अजीम खान निवासी नकटुआ एवं लाखन सिंह राजपूत निवासी संजय वार्ड नरसिंहपुर को विक्रय किया है जिसकी निशादेही पर अपहृत 20 नग बकरियां जप्त कर 28 सितम्बर 2019 को आरोपियों की गिरफ्तारी तथा मृतक के हाथ में मिले बाल व संदेहियों का रक्त नमूना प्रिजर्व कराकर डीएनए परीक्षण हेतु तथा अन्य भौतिक साक्ष्य एफएसएल परीक्षण हेतु भेजा गया। एफएसएल रिपोर्ट एवं डीएनए रिपोर्ट प्राप्त कर न्यायालय में प्रस्तुत कराई गई डीएनए रिपोर्ट में मृतक के हाथ में मिला बाल आरोपी मनोज उर्फ मुल्ला राजपूत का होने की पुष्टि हुई तथा साक्षियों को न्यायालय में उपस्थित कराकर गवाही कराई गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अपराध कायमी से विचारण तक पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की गयी। प्रकरण की विवेचना उनि शिवमंगल सिंह राठौर तत्कालीन थाना प्रभारी मुंगवानी हाल सेवा निवृत द्वारा तथा शासन की ओर पैरवी रामकुमार पटेल जिला अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर द्वारा की गई।

## महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया हेतु कियोस्क संचालकों का प्रशिक्षण आज



**गाडरवारा(यश भारत)** स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत महाविद्यालय में सत्र2023-24की स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली है, महाविद्यालय के प्राचार्य डा ए के जैन ने उक्ताश्य की जानकारी देते हुए बतलाया कि इस सत्र में भी प्रवेश प्रक्रिया आन लाइन होगी, तथा प्रवेश प्रक्रिया में आनलाइन कियोस्क संचालकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, प्रवेश प्रक्रिया सहजता से हो सके, छात्रों को परेशानी न हो इसलिए आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य कक्ष में आज दिनाँक 19 मई को दोपहर 12 बजे से कियोस्क संचालकों के साथ मीटिंग आयोजित है मीटिंग में प्रवेश प्रक्रिया का कार्य करने वाले सभी कियोस्क संचालक आमन्त्रित हैं ।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान अंतर्गत विभिन्न वार्डो में लगाए जा रहे हैं शिविर

बरेला, यशभारत। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत 10 मई से नगर के विभिन्न भागों में लोक सेवा प्रबंधन अंतर्गत दी जाने वाली लगभग 67 प्रकार की सेवाओं केलिए शासन द्वारा शिविर लगाकर सुविधा प्रदान की जा रही हैं।शासन के निर्देशानुसार नगर में लगभग 7 जगह. यह शिविर लगाए गए हैं। सीएमओ प्रियंका झारिया ने बताया कि अभी तक शिविर में. विभिन्न सेवाओं हेतु. लगभग 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सीएमओ ने बताया है कि शासन के निर्देश अनुसार यह शिविर आगामी 25 मई तक. शिव में लगाए जायेंगे।. सीएमओ प्रियंका झारिया ने सभी नगर वासियों से शासन की योजनाओं का शिविर के माध्यम से लाभ लेने की अपील की है।

## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं की पूजा-अर्चना

**नरसिंहपुर यशभारत।** अपने अचल सुहाग की कामना के लिए महिलाओं ने आज शुक्रवार को बरगद के पेड़ की पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने बरगद के पेंड़ की परिक्रमा कर सावित्री के पतिव्रत धर्म को स्मरण किया । धार्मिक मान्यता है कि बरगद वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने पर भगवान विष्णु व डालियों में भगवान शिव का वास होता है।सभी सुहागिने कच्चे सूत से ग्यारह बार परिक्रमा व पेंड़ पर धागा लपेट कर अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं । बरगद के पेंड़ पर महिलाऐं सिंदूर, दर्पण, मौली, काजल, मेहंदी, चूड़ी, माथे की बिंदी, हिंगुल, साड़ी, स्वर्णाभूषण आदि वस्तुऐं अर्पित कर पूजन करती हैं और बाद में उक्त सामाग्री को कन्या या पुरोहितों को दान देकर पति के ऊपर आने वाली अदृष्य बाधाओं को रोकने व लम्बी उम्र की कामना करती हैं ।

## रागिनी के देश को दो स्वर्ण पदक दिलाए जाने पर आदिवासी समाज में हर्ष



**सिहोरा यशभारत।** उज़्बेकिस्तान मैं आयोजित एशियन तीरंदाजी प्रतियोगिता में कुंडम निवासी रागनी मार्को ने देश को स्वर्ण पदक दिलाकर आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया है स्वर्ण पदक जीतने के बाद अपने गृह ग्राम वापसी पर नीलेश प्रताप सिंह ( राजा भंडरा ) के नेतृत्व में आम नागरिकों एवं सामाजिक बंधुओ ने उनके आगमन पर फूल मालाओं से स्वागत और ढोल ढमाकों के साथ जुलूस निकालकर उनका भव्य स्वागत किया गौरतलब है कि कुंडम के छपारा गांव की रहने वाली रागिनी मार्को पहले थ्रो बॉल खेलती थी इस खेल में असफल होने के बाद रागिनी के भाई ने उन्हें सलाह दी कि वह तीरंदाजी मैं जाने की सलाह दी जिसके बाद उन्होंने 2017 में रानी ताल स्टेडियम में तीरंदाजी ट्रेनिंग के लिए कुछ कोच रिचपाल सुलारिया से ट्रेनिंग ली उसके बाद पहले प्रदेश में और उसके पश्चात उज़्बेकिस्तान में 1 से 5 मई तक आयोजित एशियन तीरंदाजी प्रतियोगिता में जोहर दिखाने का मौका मिला और उन्होंने देश को दो स्वर्ण पदक दिलाकर देश को और आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया है।

### माता-पिता का मिला सहयोग

रागिनी ने बताया कि उनके पिता मानसिंह मार्को कटनी जिले के ढीमरखेड़ा थाने में एएसआई के पद पर पदस्थ हैं और उनकी माता रेखा मार्को ग्रहणी है उनके माता-पिता ने आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसका आज यह परिणाम है कि वह देश के लिए खेली और दो स्वर्ण पदक जीत पाई।

### आगे भी जारी रहेगा यह प्रयास

रागिनी ने कहा कि उनका देश के प्रति खेलने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा और वह देश का नाम इसी तरह रोशन करती रहेंगी।गोंड महासभा जबलपुर एवं अजाक्स संघ जबलपुर समाज भी रागनी मार्को को देश एवं समाज के लिए स्वर्ण पदक जीतकर गौरवान्वित किए जाने पर सम्मानित करेगा रागिनी के ग्रह ग्राम वापसी पर ओ बी सी, एस सी एस टी मंच के कोमल कोरचे,वीरेंद्र पटेल,लोटन सिंह,अमर सिंह,श्रीमती अर्चना कोरचे सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# धवन ने दिल्ली के खिलाफ मिली हार के लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया

**धर्मशाला (ईएमएस)।** यहां हुए आईपीएल के अहम मुकाबले में पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 15 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के साथ ही पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी हैं।



इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने दो विकेट पर 213 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम आठ विकेट पर 198 रन ही बना पायी। हार से निराश पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने इसके लिए खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार बताया है। धवन के अनुसार शुरुआती ओवरों में उनकी टीम के गेंदबाज दिल्ली पर अंकुश नहीं लगा पाये जिससे उसने तेजी से रन बना लिए। साथ ही कहा कि अंतिम ओवर स्पिनर से कराने का प्रयोग भी नाकाम रहा। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाजों ने पावरप्ले के छह ओवरों में बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए थे। धवन ने कहा, ''हम पहले छह ओवर में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये। हमें तब कुछ विकेट लेने चाहिए थे क्योंकि उस समय गेंद टर्न ले रही थी। उन्होंने कहा, ''जब तक लियाम लिविंगस्टोन बल्लेबाजी कर रहा था, हमें जीत की उम्मीद बंधी हुई थी पर गेंदबाजी के दौरान अंतिम ओवर स्पिनर से कराने का मेरा फैसला भी सही नहीं रहा। वहीं पावरप्ले में भी तेज गेंदबाजों ने सही लाइन व लैंथ से गेंदबाजी नहीं की जिससे विरोधी टीम ने काफी रन बना लिए थे।

# ऑस्ट्रेलिया को हरा सुदीरमन कप में खत्म हुआ टीम इंडिया का सफर, 4-1 से मिली जीत





**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुदीरमन कप का आयोजन इस साल चीन में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी टीम इंडिया ने बुधवार को अपना अंतिम मुकाबला खेला। जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को से हरा दिया। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के सबसे मुश्किल ग्रुप में शामिल थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया समेच चीनी ताइपे और मलेशिया भी इस ग्रुप का हिस्सा थे।

## अंतिम मैच में ऐसे जीती टीम इंडिया

खिताबी की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में ग्रुप सी के अपने अंतिम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत के साथ अपने अभियान को खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिली। साई प्रतीक और तनीषा क्रास्टो की मिक्सड डबल जोड़ी को केनेथ झे हूई चू और ग्रोन्या सोमरविले के खिलाफ 21-17 14-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय ने हालांकि केवल 28 मिनट में जैक यू पर 21-8 21-8 से शानदार जीत के साथ स्कोर बराबर कर दिया।

भारत इस मैच से पहले चीनी ताइपे से 1-4 और मलेशिया के खिलाफ 0-5 से हार गई थी। इन दोनों मैचों में मिली हार के कारण टीम इंडिया पहले ही इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया को हराया

टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी थी और दांव पर कुछ नहीं था ऐसे में भारत ने पीवी सिंधू के स्थान पर अनुपमा उपाध्याय को महिला सिंगल में उतारा और इस युवा खिलाड़ी ने निराश नहीं किया। उन्होंने टिफनी हो पर 21-16 21-18 से जीत दर्ज की। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने पुरुष युगल में रिकी टैंग और रेयान वांग को 21-11 21-12 से हराकर भारत को 3-1 से अजेय बढ़त दिला दी। क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने कैटलिन ईए और एंजेला यू पर 21-19 21-13 से जीत दर्ज कर भारत की बढ़त को 4-1 किया। भारत इस साल टूर्नामेंट में कुछ खास न कर सका, लेकिन जीत के साथ खत्म हुए इस टूर्नामेंट में भारत अगले साल के लिए वापसी की राह तलाश रहा होगा।

# अब हमें सनराइजर्स को हराना होगा : रोहित

**मुम्बई (ईएमएस)।** सुपर जायंट्स के खिलाफ हार के साथ ही मुंबई इंडियंस के लिए प्लेऑफ की राह कठिन हो गयी है। अब उसे शीर्ष चार में पहुंचने के लिए आने वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराना होगा। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने लखनऊ के खिलाफ मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि उनकी टीम ने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कठिन नहीं था पर कुछ गलतियां टीम पर भारी पड़ीं। उन्होंने कहा कि हम पारी के दूसरे भाग में लय कायम नहीं रख पाये। स्टोइनिस ने इस मैच में अच्छा खेला और सभी को वैसी ही बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। रोहित ने कहा कि हमने वास्तव में अच्छी तरह से पिच का आंकलन किया और यह बल्लेबाजी करने के लिए एक अच्छी पिच थी। साथ ही कहा कि हमने आखिरी ओवर में अधिक रन दे दिये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हमारी शुरुआत भी ठीक थी पर दूसरे हाफ में टीम लय नहीं बनाये रख पायी। रोहित ने अब प्लेऑफ के समीकरण पर कहा कि अब भी मुझ समझ नहीं आ रहा है कि गणना अंक और नेट रन रेट के आधार पर किस प्रकार टीमें तय होंगी।

# गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने किया महक जायसवाल का सम्मान



**जबलपुर, यशभारत।** गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के द्वारा सम्मान समारोह व बैठक का आयोजन होटल ऋषि रीजेंसी में किया गया। फेडरेशन गतका प्रतियोगिता चंडीगढ़ में 21 से 23 अप्रैल 23 को प्रतियोगिता खेलीं गई थी जिसमे मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जबलपुर की कु.महक जायसवाल ने कास्य पदक जीता। गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन म.प्र. द्वारा, कु. जायसवाल का सम्मान ट्राफी प्रदान करके किया गया इस कार्यक्रम में *गतका एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुजराल, उपाध्यक्ष दलवीर सिंह जस्सल, सचिव परमजीत सिंह, कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह ढिल्लों, सदस्य अमरदीप सिंह सग्गू तथा हरविंदर सिंह* शामिल हुए इस बैठक कार्यक्रम में गतका एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा समर कैंप के आयोजन, जिला और राज्य प्रतियोगिता के आयोजनों के बारे में चर्चा की गई।

# रुसो ने कुर्रन की गेंद पर लगाया सबसे लंबा छक्का

**धर्मशाला (ईएमएस)।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज राइली रुसो ने आईपीएल लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 82 रन बनाये। मिशेल मार्श की जगह शामिल किये गये दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रुसो ने अपने चयन को सही साबित करते हुए नंबर तीन पर 82 रन बनाये। इससे दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रन बनाये। रुसो ने अपनी इस पारी के दौरान 6 चौके और इतने ही छक्के लगाए। रुसो ने एक 196 मीटर लंबा छक्का मारा जिसकी तारीफ दक्षिण अफ्रीका के ही दिग्गज बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने भी की है। रुसो का यह छक्का इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि ये आईपीएल के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी सैम कुर्रन की गेंद पर लगा है। इस पर लगा छक्का इतना लंबा था कि गेंद मैदान के बाहर चली गई। रुसो के इस छक्के के बाद विलियर्स ने ट्वीट किया रुसो का वह छक्का निश्चित रूप से 96 मीटर का नहीं था। शायद 196 मीटर का था।



# एशियाई खेलों के लिए विदेश में प्रशिक्षण ले सकेंगे नाविक

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने ओलंपियन नौकायन खिलाड़ियों को इस साल चीन में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए विदेश में प्रक्षिक्षण की अनुमति दे दी है। ऐसे में नेत्रा कुमानन, विष्णु सरवनन, वरुण ठक्कर और केसी गणपति जैसे ओलंपियन नौकायन खिलाड़ी हांगझोऊ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए सितंबर तक विदेशों में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण लेने के साथ ही प्रतियोगिताओं में भी भाग ले सकेंगे। इसपर आने वाला सारा खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा मई से सितंबर तक विदेश में प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में शामिल चार खिलाड़ियों के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद यह निर्णय लिया गया है। नेत्रा इस दौरान सितंबर तक ग्रैन कैनरिया, स्पेन में प्रशिक्षण लेंगी। वह



कील, जर्मनी (कील वीक), मार्सिले, फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा) और शेवेनिंगेन, नीदरलैंड्स (विश्व सेलिंग चैंपियनशिप) जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगी। वहीं विष्णु विभिन्न स्थानों (वेलेंशिया, मिलान, डबलिन, द हेग, क्रोएशिया और मुंबई) में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा में भाग लेगे। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ जाने से पहले यूरआईएलसीए यूरोपा कप, आईएलसीए ओपन एशियाई चैंपियनशिप, मार्सिले ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा और विश्व चैंपियनशिप (ओलंपिक क्वालीफायर) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। वरुण और गणपति की टीम कील, जर्मनी (कील वीक), फ्रांस (ओलंपिक परीक्षण स्पर्धा), द हेग (विश्व चैम्पियनशिप) और चीन में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा करेगी।

# शुभमन, यशस्वी हैं भारतीय टीम का भविष्य : पीटरसन

**मुम्बई (ईएमएस)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने कहा है कि युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट में नये सितारे बनकर उभरेंगे। पीटरसन के अनुसार टीम प्रबंधन को अब अधिक समय बिताये बिना ही इन दोनो को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर देने चाहिये क्योंकि ये दोनो ही तकनीकी रुप से कुशल हैं। पीटरसन ने कहा, शुभमन और यशस्वी भविष्य में भारत के शीर्ष क्रम के सितारे होंगे। मेरा मानना है कि एकदिवसीय क्रिकेट में ये दोनो ही बेहद सफल रहेंगे। इन्हें तत्काल टीम में जगह दी जानी चाहिये। शुभमन ने अब आईपीएल 2023 के 13 मैचों में 576 रन बनाए हैं। पीटरसन ने कहा कि वे पूर्ण सितारे हैं जो आने वाले समय में महान सितारे बनेंगे। पीटरसन ने कहा, आईपीएल युवा खिलाड़ियों को तीन चीजें देता है। यह उन्हें खेलने का अवसर देता है, यह उन्हें दुनिया भर के प्रशंसकों के सामने एक मंच देता है। स्टेडियम भरे हुए हैं, सब कुछ व्यस्त है, और यह उच्च तीव्रता वाला है। यदि आप इसमें सफल हो जाते हैं तो आपकों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जगह मिलना तय है।



## रंग संसार

# वनराज-अनुपमा को साथ देख उड़ेंगे फैंस के होश, देखता रह जाएगा अनुज!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवी टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप पर रहने वाले शो अनुपमा में हर दिन एक नया धमाल देखने को मिलता है। जैसे-जैसे शो पुराना हो रहा है, वैसे-वैसे शो और इसके कलाकारों को पसंद करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब आने वाले एपिसोड में क्या नया बवाल होने वाला है उसकी हर अपडेट यहां आपको मिलेगी।

### अनुपमा दिखी परेशान

बीते एपिसोड में आपने देखा कि अनुज, माया और अनु के साथ शाह हाउस पहुंच गया है। इनसे ठीक पहले अनुपमा भी वहां पहुंच जाती है और काफी अजीब महसूस करती है। उसे लगता है कि अब उसे न सिर्फ वनराज बल्कि अनुज को भी फेस करना पड़ेगा। अनुज और अनुपमा के बीच ज्यादा बातचीत नहीं होती और अनु भी अनुपमा को इग्नोर करती नजर आती है। अनुज परिवार में बड़ों का आशीर्वाद लेता है तो वहीं बा उससे माया संग उसके रिश्ते का सच पूछती हैं।

### पूरी तरह टूट जाएगी अनुपमा

आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे कि माया, अनुपमा और अनुज को पास नहीं आने देगी। अनुज, माया को ऐसा करते देखेगा, लेकिन वो कुछ नहीं कहेगा। अनुज के पीछे ही अनुपमा बैठ जाएगी और वो अंदर से पूरी तरह टूटा महसूस करेगी। तभी पंडित जी फूल मांगेंगे और अनुपमा अपनी ही दुनिया में खोई रहेगी और उसे बार-बार बातें याद दिलानी पड़ेंगी।





### अनुपमा को संभालेगी काव्या

अनुपमा कमरे में जाकर रोने लगेगी, तभी वहां काव्या आकर उसे चुप कराएगी। इस सबसे अलग डिंपी और पाखी के बीच झगड़ा हो जाएगा और किंजल बीच में आकर मामले को शांत कराएगी। अनुपमा के पांव लड़खड़ाएंगे और अनुज उसे आगे आकर अपनी बाहों में लेकर संभालेगा। माया को ये देख बहुत जलन होगी और दोनों को दूर करने के लिए वो बीमार होने का नाटक करेगी।

### अनुपमा-अनुज होंगे आमने-सामने

अनुज, अनुपमा को छोड़कर माया के पास चला जाएगा। अनुज उसे दवाएं देगा और उसका ख्याल रखेगा, जिसे देखकर अनुपमा और ज्यादा परेशान हो जाएगी। बेचारी अनुपमा को माया का असल चेहरा समझ नहीं आएगा। तभी पंडित जी वनराज और अनुपमा को एक साथ पूजा के लिए बुलाएंगे और कहेंगे कि बतौर समर के माता-पिता साथ में पूजा करनी है। वहीं अनुज और माया डिंपी के माता-पिता की तरह वनराज और अनुपमा के सामने बैठेंगे।

# मृणाल ठाकुर ने दिखाईं कातिल अदाएं, नशीली आंखें देख फिदा हुए फैंस

**नई दिल्ली।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में हर साल की तरह इस बार भी बॉलीवुड सेलेब्स का जलवा देखने को मिल रहा है। उर्वशी रौतेला और सारा अली खान के बाद अब मृणाल ठाकुर भी अपनी अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में मृणाल ठाकुर की कुछ तस्वीरें सामने आई, जिन्हें देखने के बाद उनके फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

### ग्लैम लुक में दिखीं मृणाल

मृणाल ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में मृणाल ठाकुर ब्लैक आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर का अंदाज काफी बोल्ड और ग्लैमरस है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं, उन्होंने ब्लैक सीक्केंस ब्लेजर के साथ लेस वाली ट्राउजर कैरी की हैं।

### मृणाल ने पोस्ट किया वीडियो

इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए मृणाल ठाकुर ने लिखा, मैं इतनी दूर केवल इतनी दूर आने के लिए नहीं आई हूं। कान्स फिल्म फेस्टिवल से नए अनुभव लेने के लिए तैयार हूं।

### कभी इस काम के लिए स्कूल में मिलती थी सजा

इसी आउटफिट में मृणाल ठाकुर ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो के कैप्शन में मृणाल ठाकुर ने लिखा, मुझे स्कूल में हमेशा दिन में सपने देखने के लिए सजा मिलती थी। वैसे अब मैं पूरे दिन उस सपने को जीती हूं। मृणाल ठाकुर के पोस्ट के कैप्शन काफी इंस्पायरिंग हैं।



### कान्स फिल्म फेस्टिवल में मृणाल की पहली एंट्री

बता दें, मृणाल ठाकुर पहली बार कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनी हैं। साल 2023 मृणाल ठाकुर के लिए काफी अछा साबित हो रहा है। वो आखिरी बार आदित्य रॉय कपूर के साथ गुमराह में नजर आई थीं। गुमराह के प्रमोशन्स के बीच ही मृणाल ठाकुर का पोस्ट खूब वायरल हुआ था, जिसमें वो रोती हुई नजर आ रही थीं। उस पोस्ट के बाद उन्हें फैंस का बहुत प्यार भी मिला था।

# हरियाणा टू कांस चलीं सपना चौधरी, रेड कार्पेट पर बिखेरेंगी फैशन का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेड कार्पेट पर इस साल भारत से कई हसीनाएं डेब्यू कर रही हैं। इस कड़ी में अब हरियाणा की सुपरस्टार डांसर का नाम जुड़ चुका है। हरियाणा में स्टेज शो से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं सपना चौधरी इस साल कांस फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू करने वाली हैं। सपना आज यानी 18 मई को बतौर रीजनल आर्टिस्ट कांस के रेड कार्पेट पर चलने वाली हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल में इस साल सारा अली खान, मृणाल ठाकुर और ईशा गुप्ता जैसी एक्ट्रेस पर जलवा बिखेर रही हैं। सपना चौधरी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वह बहुत आभारी हैं और कांस के रेड कार्पेट पर चलने के लिए काफी एक्साइटेड भी। सपना ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह सभी को गौरवान्वित करेंगी। सपना चौधरी की फैन फॉलोइंग अब देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। आए दिन सोशल मीडिया पर विदेशी लोगों के रील्स सपना चौधरी के गानों पर वायरल होते रहते हैं। सपना चौधरी की सोशल मीडिया फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त हैं। इंस्टाग्राम पर सपना चौधरी को 5 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं, जिनके साथ वह अपनी फोटोज और वीडियो शेयर करती हैं। हरियाणवी लोक गीतों के लिए मशहूर सपना चौधरी के गाने तो सोशल मीडिया और यूट्यूब पर छाए रहते हैं लेकिन उन्हें असली पहचान सलमान खान के कॉन्ट्रोवर्शियल रिएलिटी शो बिग बॉस से मिली थी। भले ही सपना चौधरी ने बिग बॉस की ट्रॉफी नहीं जीती लेकिन वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रहीं। सपना चौधरी के अलावा इस साल 76वें कांस फिल्म फेस्टिवल में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भी डेब्यू किया था। मानुषी छिल्लर और सपना चौधरी दोनों ही हरियाणा से ताल्लुक रखती हैं। फैंस को अब सपना के कांस लुक का इंतजार है।










# रंजिश भुनाने बदमाश की युवकों ने सिर पर पत्थर पटककर की हत्या

## खमरिया थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात

**जबलपुर,यशभारत।** खमरिया थानांतर्गत कैलाशधाम के पास वर्धा घाट में शातिर बदमाश की तीन युवकों ने बीती देर रात सिर पर पत्थर पटककर हत्या कर दी है। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हत्या की वारदात को अंजाम दो भाईयों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर दिया है।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। सीएसपी तुषार सिंह ने बताया कि मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था जिसने दो दिन पहले आरोपियों के घर जाकर उसके पिता को धमकाया था कि तुम लोग ज्यादा पुलिस में शिकायत कर रहे हो। इसी बात का बदला लेने वर्धा घाट निवासी प्रताप वाल्मीक, तपन बेन, विपिन बेन ने मिलकर बदमाश गोपाल साहू के सिर पर पत्थर पटककर हत्या कर दी। खमरिया टीआई निरूपा पांडे ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का कर्मचारी रद्दी बेचते पकड़ा गया

## पुराने बिल्डिंग में रखे हुए हैं अहम दस्तावेज, कुलपति ने कहा कार्रवाई कर रहे

**जबलपुर, यशभारत। मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक आऊटसोर्स का एक कर्मचारी विवि की रद्दी बेचते हुए पकड़ा गया। कर्मचारी लंबे समय से यह काम कर रहा था। इसकी जानकारी जब कुलपति तक पहुंची तो उन्होंने संबंधित कर्मचारी पर अनुशासत्मक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए।**




बताया जा रहा है कि आऊटसोर्स का एक कर्मचारी बीते कई दिनों से विवि के पुराने भवन में आया-जाया करता था। धीरे-धीरे कर्मचारी द्वारा बहुत सी रद्दी बेच दी गई। कर्मचारी के करतूत की जानकारी विवि कुलपति को उस वक्त लगी जब पुरानी बिल्डिंग के लोगों ने रद्दी गायब होना बताया। इसकी जांच पड़ताल कुलपति द्वारा कराई गई तो रद्दी को ठिकाने में लगाने में कर्मचारी का हाथ लगा। इस संबंध में कुलपति डॉ. अशोक खण्डेवाल ने बताया कि पुराने भवन से रद्दी गायब होने की सूचना प्राप्त हुई थी जानकारी प्राप्त की गई तो एक कर्मचारी द्वारा र्द्दी को बेचे जाना पाया गया। संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जा रही है। संबंधित कंपनी के अधिकारियों से भी कहा गया है कि वह कर्मचारी पर कार्रवाई करें।

### देखा जा रहा क्या गायब हुआ

कुलपति ने बताया कि कितनी रद्दी गायब हुई या फिर बेची गई इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में विवि अधिकारियों से कहा गया कि वह पता करें कि पुराने भवन से कितनी रद्दी गायब हुई है और क्या-क्या रखा था।

### पुराने भवन में रखे हुए अहम दस्तावेज

बताया जा रहा है कि विवि के पुराने भवन में परीक्षा से जुड़े अहम दस्तावेज रखे हुए हैं। अगर वह दस्तावेज गायब होते हैं तो विवि को परेशानी हो सकता है। संबंधित कर्मचारी ने कितनी रद्दी बेची है इसकी जानकारी किसी को नहीं है। लेकिन बताया जा रहा है कि बड़ी मात्रा में कर्मचारी रद्दी बेच रहा था और काफी समय से वह यह काम कर रहा था।

### पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं की : अभिषेक पाण्डे

मप्र एमपी स्टूण्डेट यूनियन के अभिषेक पाण्डे ने इस मामले को लेकर विवि अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिषेक पाण्डे का कहना है कि जब संबंधित कर्मचारी रद्दी बेचते हुए पकड़ा गया है तो उस पर पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कराई जा रही है। क्या वजह है कि कर्मचारी को बचाया जा रहा है।

### दस्तावेज गायब हुए तो जिम्मेदार कौन होगा

छात्र नेता अभिषेक पाण्डे का आरोप है कि अगर रद्दी बेचने के चक्कर में अगर विभिन्न मामलों के दस्तावेज गायब हुए होंगे तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। क्योंकि विवि में अनेक ऐसे मामले है जिसकी जांच विचाराधीन है,जिसके दस्तावेज भी पुराने भवन में रखे हुए है। संबंधित कर्मचारी पर पुलिस कार्रवाई न होना यह बताता है कि कर्मचारी को जान-बूझकर बचाया जा रहा है। लेकिन छात्र संगठन चुप नहीं बैठेगा। जल्द ही विवि कर्मचारी पर पुलिस कार्रवाई नहीं कराता है तो संगठन विवि का घेराव करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस संबंध में अवगत कराया जाएगा।

## देर रात पूरा किया गया सुधार कार्य

# पाइप लाइन फूटने से सड़क पर फैला पानी ही पानी

**जबलपुर,यशभारत। लार्डगंज के पास बीती शाम खुदाई कार्य के दौरान फूटी पाइप लाइन का सुधार कार्य देर रात को पूरा हुआ जिसके बाद शुक्रवार सुबह पानी की सप्लाई क्षेत्र में यशावत रूप से शुरू की गई।**




विदित हो कि गत दिवस लार्डगंज के पास डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन फूट गई थी जिसके बाद पानी का बड़ा फुहारा सड़क पर दिखाई दिया। क्षेत्र में यातायात अधिक होने के कारण रात करीब 11 बजे नगर निगम अमले द्वारा सुधार कार्य शुरू हुआ। इस संबंध में जल प्रभारी नगर निगम कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि लार्डगंज में फूटी पाइप लाइन का सुधार कार्य पूरा हो गया है। पाइप लाइन फूटने से श्रीनाथ की तलैया पानी की टंकी से पानी की सप्लाई शाम से लेकर रात तक प्रभावित रही।

## सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम

**जबलपुर,यशभारत।** सिहोरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए 44 वर्षीय दसईराम लोधी की गुरूवार को मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है।



## नेहरू गार्डन में लगेगी पूर्व महापौर स्व.विश्वनाथ दुबे की आदम कद प्रतिमा

**जबलपुर, यशभारत।** पूर्व महापौर स्व.विश्वनाथ दुबे की आदम कद प्रतिमा नेहरू गार्डन में स्थापित की जा रही है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ सुमित कालिया एवं कैलाश गुप्ता, गणेश पुरोहित मुकेश राठौर ने भूमिपूजन किया। नेहरू गार्डन में प्रतिमा स्थापना का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

आवश्यकता है
फ्लैक्स डिजाइनर की शीघ्र आवश्यकता है
जिसे कोरल ड्रा का पूर्ण ज्ञान हो। शीघ्र संपर्क करें।
यशभारत फ्लैक्स कार्यालय
शताब्दीपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर
मो. 7804887888, 7974594521

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
29 साल के भरोसे के साथ पाये पेट और लिवर का विश्वसनीय एवं सम्पूर्ण इलाज
+91 95758 01200

केला चिप्स AK's चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
मो. 7987145201, 9993418910

हमारे प्रेरणास्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

लक्ष्मी नारायण फायर मार्केटिंग
विजयनगर, जबलपुर म.प्र. मो. 8827187743, 9179340919

अनंत हॉस्पिटल
बहुविभागीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH (E.L.) ACCREDITED & ISO 9001:2015 CERTIFIED HOSPITAL
अब नये परिवेश में चिकित्सा क्षेत्र की उच्चतम् सुविधाओं के साथ
24x7 ट्रामा सेंटर
मदन महल स्टेशन रोड, राईट टाउन, जबलपुर फोन नं. 0761-4006494/96 आपातकालीन नं. 7400779494

परीक्षा में सफल होने वाले समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Admission Open
DGET & NCVT Govt. of India
इलेक्ट्रिशियन फिटर
भारतीय ITI
भारतीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम

अमर शहीद स्मृति मेला
गोलबाजार मैदान, जबलपुर

द कम्पलीट होम फर्निशिंग स्टोर
संध्या ट्रेडर्स
N.S. TEXTILES
कपूरी विला-बड़ा फुहारा, जबलपुर
Ph. 0761-4072001, Mo 9826503008, 9584513844

सूटिंग | शर्टिंग | होजरी
वर्दी वस्त्रम मो. नं. 9685203133
ड्रेस मार्ट मो. नं. 9685203133
पता-457, पुरानी सरस्वती स्कूल बिल्डिंग, कंचन विहार, विजय नगर, जबलपुर, म.प्र.

गनेश केटरर्स एण्ड कॉन्ट्रेक्टर
श्री गनेश मंडपम् कछपुरा माल गोदाम, गढ़ा
श्री कच्छ पाटीदार भवन महानद्दा, मदन महल
शादी-पार्टी एवं मांगलिक कार्यों हेतु
मो. 9827202090, 7000244328

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
संपर्क 9009505955, 0761-4016415

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK · ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE · KATANGA CROSSING · NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

INDIA'S BIGGEST CONSUMER & HANDLOOM EXHIBITION
MEGA TRADE FAIR
1 मई से 7 जून तक
TIMINGS: 4PM - 10PM
For More Info: 92155-56345 81031-02769
पोली पाथर सर्कस ग्राउंड, साउथ वेन्यू मॉल के पास, गोरीघाट रोड जबलपुर (म.प्र.)

G.S.ELECTRONIC
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध है।
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )